दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 249 | जयपुर | रविवार ,13 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-तृतीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## 51 हजार से अधिक लोगों को मिला सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र, पीएम मोदी बोले-पक्की नौकरी देने का हमारा अभियान जारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक सरकारी कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरण का वर्चुअल शुभारंभ किया। नवनियुक्त कार्मकों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के सामर्थ्य को देश के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी और गारंटी भी बताया।

साथ ही कहा कि आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास डेमोग्राफी (जनसंख्या) और डेमोक्रेसी (लोकतंत्र), दो असीमित शक्तियां हैं। देशभर में 47 स्थानों पर शनिवार को आयोजित प्रधानमंत्री रोजगार मेले को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार में युवाओं को पक्की नौकरी देने का हमारा अभियान निरंतर जारी है। हमारी पहचान भी है- बिना पर्ची, बिना खर्ची।

### आपके विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन ध्येय एक

उन्होंने कहा कि आज 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में स्थायी नौकरी मिल चुकी है। अब ये नौजवान राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। नवनियुक्त कार्मिकों से कहा कि आपके विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन ध्येय एक है। विभाग कोई भी हो, कार्य कोई भी हो, पद कोई भी हो, इलाका कोई भी हो, ध्येय राष्ट्र सेवा ही है, सूत्र भी एक है- नागरिक प्रथम।

युवाओं के सामर्थ्य को भारत की सबसे बड़ी पूंजी और गारंटी बताते हुए दावा किया कि हमारी सरकार इसी पूंजी को समृद्धि का सूत्र बनाने में दिन-रात जुटी है। अपनी हाल की विदेश यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा- एक दिन पहले ही मैं पांच देशों की यात्रा करके लौटा हूं। हर देश में भारत की युवाशक्ति की गूंज सुनाई दी। इस दौरान जितने भी समझौते हुए हैं, उनसे देश और विदेश, दोनों जगह भारत के नौजवानों को फायदा होना ही है। डिफेंस, फार्मा, डिजिटल टेक्नोलाजी, एनर्जी, रेयर अर्थ मिनरल्स जैसे सेक्टरों में हुए समझौतों से भारत को आने वाले दिनों में बहुत बड़ा फायदा होगा। भारत के मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर को बहुत बल मिलेगा।

कहा कि भारत सरकार का जोर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है। हाल ही में सरकार ने एम्प्लायमेंट लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के रूप में नई योजना को स्वीकृति दी है। इस योजना के तहत सरकार प्राइवेट सेक्टर में पहली बार रोजगार पाने वाले युवा को 15 हजार रुपये देगी, यानी पहली नौकरी के पहले वेतन में सरकार अपना योगदान देगी। इसके लिए सरकार ने करीब एक लाख करोड़ रुपये का बजट बनाया है। इससे लगभग साढ़े तीन करोड़ नए रोजगार के निर्माण में मदद मिलेगी। मैन्युफैक्चरिंग और एफडीआई में वृद्ध के आंकड़े साझा करने के साथ ही उन्होंने दावा किया कि बीते 11 वर्षों में हर सेक्टर में देश ने प्रगति की है। हाल में इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन की एक बहुत बढ़िया रिपोर्ट आई है।

उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते दशक में भारत के 90 करोड़ से अधिक नागरिकों को कल्याणकारी योजनाओं के दायरे में लाया गया है। इन योजनाओं का फायदा सिर्फ कल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे बहुत बड़ी संख्या में नए रोजगार भी बने हैं। अपनी सरकार की विभिन्न योजनाओं से रोजगार सृजन का भी उल्लेख करते हुए पीएम ने कहा कि वर्ल्ड बैंक जैसी बड़ी वैश्विक संस्थाएं खुलकर इस काम के लिए भारत की प्रशंसा कर रही हैं। भारत को दुनिया के सबसे अधिक समानता वाले शीर्ष के देशों में रखा जा रहा है।



### पीएम बोले- देश के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा

पीएम मोदी ने कहा कि बदलते हुए समय के साथ 21वीं सदी में रोजगार की प्रकृति भी बदल रही है। नए-नए सेक्टर भी उभर रहे हैं, इसलिए बीते दशक में भारत का जोर अपने युवाओं को इसके लिए तैयार करने का है। अब इसके लिए अहम निर्णय लिए गए हैं। आधुनिक जरूरतों को देखते हुए आधुनिक नीतियां भी बनाई गई हैं। स्टार्टअप्स, इनोवेशन और रिसर्च का जो ईकोसिस्टम आज देश में बन रहा है, वो देश के युवाओं का साम?र्थ्य बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री ने सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र वितरण के साथ ही निजी क्षेत्र के महत्व को भी समझाने का प्रयास किया।

## अशोक गहलोत बोले- लोगों को फोन टेप होने का डर

### पति-पत्नी भी एक-दूसरे से कहते हैं फेसटाइम पर बात करो; देश में हालात डरावने बना दिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि देश में हालत चिंताजनक और डरावने बन गए हैं। लोग एक-दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं। पति-पत्नी भी एक-दूसरे से कहते हैं कि फेसटाइम पर बात करो, यह क्या है?इसका मतलब है कि लोगों में विश्वास नहीं है, उन्हें लगता है कि पता नहीं हमारा फोन टेप हो रहा हो। आज नहीं हो रहा वह अलग बात है, लेकिन देशवासियों में यह भावना आना ही गंभीर बात है। गहलोत शनिवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

### पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा-

बीजेपी और शासनकर्ता को सोचना पड़ेगा कि देश किस दिशा में जा रहा है और क्या लोग आपके बारे में सोचते हैं? गहलोत ने कहा- देश में जिस तरह के हालात बने हैं, यह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। अगर लोकतंत्र को मजबूत करना है तो चुनाव आयोग, ज्युडिशियरी, सीबीआई, इनकम टैक्स सबको मजबूत करना पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट के जज को कहना पड़ा कि चुनाव आयोग जो दस्तावेज मांग रहा वो मेरे पास भी नहीं गहलोत ने कहा- बिहार में जिस तरह वोटर आईडी वेरिफिकेशन के नाम पर अभियान शुरू किया है, वो पूरे देश में मजाक बन गया है। क्या मजाक है कि चुनाव आयोग ने एक महीने पहले यह प्रक्रिया शुरू कर दी।आप करोड़ों लोगों का सर्वे कर रहे हो, जो संभव है क्या? असंभव काम आप कर रहे हो। नाम जोड़ने का करो तो वह लोग सहन कर लेते। जो लोग 10 चुनाव में वोट दे चुके, उन पर आप सवाल उठा रहे हो।उनके माता-पिता से लेकर लंबी चौड़ी बातें पूछी गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के जज को कहना पड़ा कि यह मेरे पास में भी नहीं है। इससे बड़ा कटाक्ष और क्या हो सकता है।



### पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा

नीतीश कुमार हमारे मित्र हैं, लेकिन नीतीश कुमार का नाम आगे करके जिस तरह सरकार चलाई है, उसके बारे में हमें पता है। उनके खुद के सांसदों, विधायकों को बीजेपी ने अंदर ही अंदर तोड़ लिया। ऐसा सुनने में आता है। पिछले दो ढाई साल से पूरा माहौल ऐसा रहा, जिससे गवर्नेंस बहुत खराब रहा। लोग दुखी हो गए।

## सामने कांच पर फास्टैग नहीं लगाने वाले ब्लैकलिस्ट होंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'लूज फास्टैग' रखने वाले यूजर्स को अब ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। जानबूझकर फास्टैग को गाड़ी की विंडस्क्रीन पर न लगाने वाले हाईवे यूजर्स को 'लूज फास्टैग' या 'टैग-इन-हैंड' कहा जाता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार, इससे ई-टोल कलेक्शन सिस्टम में गड़बड़ी आती है और बाकी यात्रियों को परेशानी होती है।

**यहां 7 सवालों के जरिए समझें इसका आप पर क्या असर होगा...**

1. सवाल- फास्टैग को लेकर NHAI ने क्या नया नियम बनाया है?

जवाब- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग के दुरुपयोग को रोकने के लिए ये नियम लागू किया है। अब अगर कोई ड्राइवर फास्टैग को गाड़ी की विंडशील्ड पर नहीं चिपकाता और उसे हाथ में रखकर (जिसे लूज फास्टैग या टैग-इन-हैंड कहते हैं) टोल प्लाजा पर दिखाता है, तो उसका फास्टैग ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

2. सवाल- ऐसा नियम क्यों लाया गया है?

जवाब- कुछ ड्राइवर जानबूझकर फास्टैग को विंडस्क्रीन पर नहीं चिपकाते। वे इसे हाथ से दिखाकर स्कैन कराते हैं। इससे ज्यादा समय लगता है और टोल प्लाजा पर जाम लगता है। इससे दूसरे यात्रियों को भी परेशानी होती है।

इसके अलावा कुछ ड्राइवर एक ही फास्टैग को कई गाड़ियों के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश करते हैं। इससे टोल से गुजरने वाली गाड़ियों का डेटा मिस मैच होता है। यह गैर कानूनी है।

## राहुल गांधी पर भड़के धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा की संस्कृति के अपमान का लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पत्रकारों से बात करते हुए प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी इतने ज्ञानी नहीं हैं। वह वही बोलते हैं जो उनकी टीम उनके लिए लिखती है। मुझे अच्छा लगता अगर उन्होंने ओडिशा के लोगों से माफ़ी मांगी होती, क्योंकि उनकी पार्टी ने हमें इतना अपमानित किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओडिशा पर की गई हालिया टिप्पणी की आलोचना की और उन पर अपनी यात्रा के दौरान राज्य की संस्कृति और परंपराओं का अपमान करने का आरोप लगाया। प्रधान ने कहा कि नए आरोप लगाने के बजाय, गांधी को ओडिशा के लोगों से कांग्रेस पार्टी द्वारा अतीत में किए गए अपमान के लिए माफ़ी मांगनी चाहिए थी।

## जयपुर में मेयर और कमिश्नर ने लगाई झाड़ू

### 5 किलोमीटर पैदल राउंड पर निकलकर गंदगी फैलाने वालों को लगाई लताड़



:बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर नगर निगम हेरिटेज द्वारा शहर में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत शहर के प्रत्येक वार्ड में डॉट डोर सफाई की मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी कड़ी में आज वार्ड 49 में निगम कमिश्नर डॉक्टर निधि पटेल और मेयर कुसुम यादव ने सड़क पर उतर झाड़ू लगाई। इस दौरान जयपुर की स्थापना करने वाले सवाई जयसिंह की स्टैच्यू को भी स्पेशल फाउंटेन से साफ किया गया।सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत शनिवार को नगर निगम हेरिटेज के सिविल जोन के वार्ड 49 में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें कमिश्नर निधि पटेल ने पूरे वार्ड में लगभग 5 किलोमीटर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान पटेल ने व्यापारियों को दो डस्टबिन रखने के साथ ही कचरा सड़क पर नहीं फेंकने और डस्टबिन में ही डालने की अपील की।

### कचरा फैलने पर दुकानदार से लगवाई झाड़ू

कमिश्नर के दौरे के दौरान एक दुकान के बाहर काफी कचरा फैला मिला। जिसे देख हेरिटेज निगम कमिश्नर निधि पटेल ने दुकानदार को लताड़ लगाते हुए हाथों हाथ झाड़ू लगाकर कचरा इकठ्ठा करवाया। इसके साथ ही डस्टबिन नहीं रखने पर दुकानदार के खिलाफ चालान भी वसूल किया गया।

### गंदगी फैलाने पर होगी कार्रवाई

नगर निगम कमिश्नर डॉ निधि पटेल ने कहा- जयपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत की गई है। हेरिटेज निगम के प्रत्येक वार्ड में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वार्ड 49 में नगर निगम के द्वारा विशेष सफाई की गई। इस दौरान आम जनता को जागरूक किया गया है। वहीं दुकानदारों से विशेष स्वच्छता भारत ने की अपील भी की गई है। लेकिन अगर इसके बाद भी कोई भी दुकानदार या आम व्यक्ति शहर को गंदा करता पाया गया। तो उसके खिलाफ नगर निगम द्वारा सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## मैंने कन्या वध कर दिया है, मुझे मार दो




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विजय यादव ने आगे कहा कि राधिका के पिता उसे सुबह 5 बजे ट्रेनिंग के लिए ले जाते थे और शाम को ट्रेनिंग चलने तक वापस लाते थे। उसने कहीं आना-जाना सब बंद कर दिया था। थाने में भी कहा था कि अगर फांसी का नियम है तो फांसी दे दो। वो टेनिस कोच थी।राधिका यादव हत्याकांड में राधिका यादव के चाचा विजय यादव ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हत्याकांड के बाद उसने मुझसे कहा, भाई, मैंने कन्या वध कर दिया है। मुझे मार दो..... उसने कोई कारण नहीं बताया... उसने कहा कि उसका दिमाग खराब हो गया है।

## जयपुर-दुबई फ्लाइट 6 घंटे बाद भी उड़ान नहीं भर पाई

### एयरलाइंस कंपनी ने संचालन कारण का हवाला देकर प्लेन को डिले किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर एयरपोर्ट पर एक बार फिर फ्लाइट शेड्यूल गड़बड़ा गया है। शनिवार को जयपुर से उड़ान भरने वाली दो इंटरनेशनल फ्लाइट निर्धारित वक्त पर उड़ान नहीं भर पाई। एयरलाइंस कंपनी ने आखिरी वक्त पर संचालन कारण का हवाला देकर फ्लाइट को डिले कर दिया। इसकी वजह से बड़ी संख्या में शारजाह और दुबई जाने वाले पैसेंजर्स को परेशान होना पड़ा। दरअसल, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX - 195 को सुबह 5 बजकर 55 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट से दुबई के लिए उड़ान भरनी थी। इसमें उड़ान के लिए सुबह लगभग 4 बजे से ही पैसेंजर्स जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचना शुरू हो गए थे। लेकिन एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा आखिरी वक्त पर फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव किया गया। एयरपोर्ट पर पहुंचने वाले पैसेंजर्स को संचालन कारणों का हवाला देकर फ्लाइट IX - 195 के डिले होने की बात कही गई। 6 घंटे बाद भी पैसेंजर अब तक फ्लाइट के टेक ऑफ का इंतजार कर रहे हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा फिलहाल दुबई फ्लाइट को रद्द नहीं किया गया है।




### डेढ़ घंटे लेट रवाना हुई शारजाह की फ्लाइट

इससे पहले शनिवार सुबह एयर अरेबिया की शारजाह जाने वाली फ्लाइट भी अपने निर्धारित वक्त पर उड़ान नहीं भर पाई थी। फ्लाइट संख्या G - 9436 को जयपुर एयरपोर्ट से सुबह 4 बजकर 45 मिनट पर शारजाह के लिए उड़ान भरनी थी।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 15 पेज की रिपोर्ट में खुलासा

### दोनों इंजन बंद हुए; एक पायलट ने दूसरे से पूछा- तुमने फ्यूल बंद किया, जवाब- नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने 12 जुलाई को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था। टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं।अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक्सपर्ट के हवाले से कहा है कि रिपोर्ट में शामिल सभी प्वाइंट्स प्लेन में टेक्निकल गड़बड़ी न होने और पायलट से चूक की ओर इशारा कर रहे हैं।12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।



### पायलट कोशिश के बाद क्रैश से नहीं बचा पाए

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाले विमान में दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच बंद थे, जिसके बाद पायलटों ने इसे चालू किया और दोनों इंजन को दोबारा शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन विमान बहुत कम ऊंचाई पर था, इसलिए इंजनों को दोबारा ताकत पाने का समय नहीं मिल सका और विमान क्रैश हो गया। हालांकि ये सामने नहीं आया है कि फ्यूल स्विच बंद कैसे हुए थे।

## सोनम के गहने राजा के परिवार को लौटाए

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल (एजेंसी)।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के मर्डर में पत्नी सोनम का हाथ सामने आने के बाद दोनों परिवारों के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। राजा के परिजन ने सोनम के परिवार से वो गहने वापस मांग लिए हैं, जो उन्होंने शादी में अपनी बहू को उपहार में दिए थे। सोनम के परिवार ने रघुवंशी समाज और पुलिस की मौजूदगी में वो तमाम गहने लौटा दिए हैं।हालांकि, सोनम के पिता ने बेटी को दिया हुआ दहेज और कैश वापस लेने से इनकार कर दिया है। सोनम के पिता कहते हैं कि बेटी को दिया हुआ दान वापस नहीं लेंगे। हालांकि, वे ये भी कहते हैं कि जब तक मैं सोनम से मिलकर पूछ नहीं लूंगा, तब तक यह मानने तैयार नहीं हूं कि मेरी बेटी ने ही अपने पति की हत्या करवाई है।बता दें कि 20 मई को राजा और सोनम हनीमून के लिए मेघालय के शिलॉन्ग गए थे, जहां 23 मई को सोनम ने राजा की हत्या करवा दी थी। 2 जून को राजा की लाश मिलने के एक हफ्ते बाद सोनम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। तब से लेकर अब तक पुलिस सोनम को दो बार रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है, अब वह जेल में है।



सोनम के भाई गोविंद ने बताया कि राजा के परिवार ने 11 मई को शादी के दौरान दुल्हन बनी सोनम को जो गहने दिए थे, वे उन्होंने वापस मांगे थे। समाज की मंजूरी के बाद पुलिस की मौजूदगी में उनका सामान लौटा दिया गया है। सोनम हनीमून पर जाने के दौरान ये गहने अपने मायके में छोड़कर गई थी।



## बड़नगर के गौरव वर्मा ने एनटीए एग्जाम में मारी बाजी

बढ़ता राजस्था



**पावटा (नि.स.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बड़नगर के होनहार गौरव पुत्र मोहन लाल बुनकर ने एनटीए एग्जाम क्लियर कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। गौरव ने श्रेष्ठ भारतीय योजना के तहत आल इंडिया में 1081 रैंक हासिल की है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। गौरव वर्तमान में कक्षा 11 में अध्ययनरत है और उनकी इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ा दी है। गौरव की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता और गुरुजनों की मेहनत और आशीर्वाद का महत्वपूर्ण योगदान है। गौरव की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। गौरव की इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मेहनत करेंगे।

## योगेंद्र शर्मा बने काव्य मंच के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष, सतत ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्था



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने वाले योगेंद्र शर्मा को काव्य मंच का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर सतत सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने उनका तिलक कर एवं शॉल ओढ़ाकर शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर सतत सेवा संस्थान के संरक्षक चंद्रशेखर शर्मा, संगठन मंत्री रजनीकांत आचार्य, महामंत्री कृष्णकांत टेलर, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं सोशल मीडिया एक्सपर्ट गजानंद बोहरा, समाजसेवी प्रदीप चौधरी, पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वी. के. यादव एवं वरिष्ठ नागरिक राधेश्याम पोरवाल सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे।सभी ने योगेंद्र शर्मा के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। योगेंद्र शर्मा का साहित्य एवं काव्य के क्षेत्र में योगदान अनुकरणीय रहा है, जो समाज में साहित्यिक चेतना जाग्रत करने का कार्य कर रहा है। चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि योगेंद्र शर्मा जैसे संवेदनशील, साहित्यिक दृष्टिकोण वाले व्यक्ति का इस पद पर चयन होना न केवल काव्य मंच के लिए गौरव की बात है, बल्कि समस्त साहित्य जगत के लिए भी प्रेरणास्पद है। उनके नेतृत्व में साहित्यिक गतिविधियों को राष्ट्रीय ही नहीं, अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा व ऊर्जा मिलेगी।

## निरंजन लाल गुप्ता की स्मृति में 140 विद्यार्थियों को स्कूल बैग भेट

बढ़ता राजस्था

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** स्थानीय सेठो की हवेली निवासी निरंजन लाल गुप्ता की स्मृति में भारत विकास परिषद के 63 वें स्थापना दिवस पर राजकीय विद्यालय में अध्यनरत 140 छात्र-छात्राओं को स्कूल बेग भेट किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसारनिरंजन सेवा, नई दिल्ली के सहयोग से कस्बे की सेठो की हवेली निवासी निरंजनलाल गुप्ता पुत्र मनोहरलाल की स्मृति में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक अध्ययनरत 140 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल ने शाखा की ओर से कस्बे में किए जा रहे जनहित कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गत सत्र में कस्बे के 201 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए थे और इस सत्र में 351 जरूरतमंद विद्यार्थीओ को स्कूल बैग वितरित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षाविद मदनमोहन शर्मा, राजेश कुमार व कपिल शर्मा ने शाखा का आभार व्यक्त करते हुए शाखा के इस पुनीत कार्य की भरपूर प्रशंसा की। इस मौंके पर शाखा सचिव डा. विजय पहाडिया, संयोजक सम्पर्क नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश गोयल, दिलीप सिंघल, शेरसिंह सैनी, विजय सिंघल, धीरज पाण्डेय, चंद्रप्रकाश आर्य, निक्कू सोनी एवं विद्यालय स्टाफ आदि मौजूद रहे।

## स्कूटी मिलने के साथ ही छात्राओं के चेहरे पर खुशी का माहौल

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राज्य सरकार की कालीबाई भील योजना अंतर्गत स्कूटी वितरण कार्यक्रम में स्थानीय श्री गांधी ज्योति महाविद्यालय की छात्र साक्षी शर्मा पुत्री श्री दया कृष्ण शर्मा को स्कूटी प्राप्त होने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत सिंह पांडे रहे अध्यक्षता महाविद्यालय सचिव राजेंद्र पांडे नेकी। इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहती मेहनत कभी एकर्ट नहीं जाती किसी भी क्षेत्र में बालिकाएं अब किसी से काम नहीं है भारतीय संस्कृति अनुसार महिला शक्ति का बहुत बड़ा योगदान रहा है इसी क्रम में छात्राएं आगे बढ़कर प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर अपना स्थान बनाएंगे तो उन्हें अपनी पहचान बनाने में कोई भी परेशानी नहीं आएगी शिक्षा वह चीज है जिसको चोर चुरा नहीं सकता कोई छीन नहीं सकता हमें अपने उद्देश्य प्राप्ति के लिए पर्याप्त मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर परराकेश चौधरी, वीर सिंह चौधरी, चन्द्र सिंह, शिशुभान मीना, चतर सिंह चौधरी राजेश मीना व समस्त महाविद्यालय एवं विद्यालय के अध्यापक मौजूद रहे।

## इन्द्रधनुषी प्रयोग एवं संभावनाओं पर आधारित हिन्दी की दुनिया नामक पुस्तक का हुआ विमोचन

बढ़ता राजस्था

**उदयपुर (नि.स.)।** मधुकर दुबे द्वारा स्व. सत्यप्रकाश दुबे की स्मृति में आज मादड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित फ्यूजन सोल्यूशन कंपनी में आयोजित एक शाम गुरूवर के नाम कार्यक्रम में लेखिका बिन्दु गुप्ता द्वारा इन्द्रधनुषी प्रयोग एवं संभावनाओं पर आधारित रचित पुस्तक हिन्दी की दुनिया का विमोचन समाजसेविका शकुन्तला दुबे किया गया।लेखिका बिन्दु गुप्ता ने इस पुस्तक को अपने गुरू एवं प्रेरणा स्तम्भ स्व. सत्यप्रकाश दुबे को समर्पित की है। इस अवसर पर साहित्यकार अहेश पंचाल ने पुस्तक समीक्षा करते हुए कहा कि इस पुस्तक को लेखिका का सार्थक प्रयास और हिन्दी अनुप्रयोगों से सरलतम तरीके से विद्यार्थियों,शिक्षकों एवं सुधि पाठकों के लिये शिक्षण प्रविधियों का मनोरंजक दस्तावेज बताया। कवि एवं साहित्यकार दिनेश प्रजापति दीनू ने भाषा की विविधता और संभावनाओं को उत्साही दस्तक देने वाला शंखनाद बताया।

### हरिशेवा धाम में सामाजिक समरसता पर सार्थक संवाद

# केंद्रीय मंत्री देवजी भाई पटेल सहित विहिप पदाधिकारियों ने लिया महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम का आशीर्वाद

बढ़ता राजस्था



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** हरिशेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर में शनिवार को सामाजिक समरसता विषय पर एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री देवजी भाई पटेल, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय और प्रांतीय पदाधिकारीगण तथा स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एक मंदिर, एक श्मशान, एक पनघट की भावना को सशक्त बनाना और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के सामाजिक संस्था विभाग के पदाधिकारी हरिशेवा धाम पहुंचे और महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर सामाजिक समरसता के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की।

स्वामी हंसराम ने आगंतुकों का शॉल एवं माला पहनाकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया और सामाजिक समरसता की दिशा में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, समाज में समरसता, एकता और आत्मीयता का भाव अत्यंत आवश्यक है। जाति, धर्म, वर्ग, भाषा आदि से ऊपर उठकर सभी को एक साथ जुड़कर मानवता की सेवा करनी चाहिए।

महामंडलेश्वर ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि सनातन संस्कृति का मूल आधार ही समरसता है, जिसे मजबूत करने के लिए इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता है।

केंद्रीय मंत्री देवजी भाई पटेल ने अपने संबोधन में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के अनुरूप समाज में समरसता और समानता को बढ़ावा देना हम सभी का कर्तव्य है। हरिशेवा धाम जैसी संस्थाएं इस दिशा में अनुकरणीय कार्य कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि विहिप जैसी संस्थाएं लगातार देशभर में सामाजिक समरसता के लिए जागरूकता कार्यक्रम चला रही हैं। हर गांव और शहर में यह भावना जगे कि हर व्यक्ति समान है और सभी के अधिकार बराबर हैं।

इस संवाद में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय सामाजिक समरसता प्रमुख राम सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा, विहिप सामाजिक संस्था विभाग के माध्यम से हम समाज में भाईचारा, मेल-मिलाप और सौहार्द का वातावरण निर्मित करने हेतु सतत प्रयासरत हैं। हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को यह अहसास हो कि वह समाज का अभिन्न हिस्सा है।

प्रांत सेवा सामाजिक समरसता प्रमुख विनीत द्विवेदी ने बताया कि विहिप द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक समरसता अभियानों के तहत हम गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित कर रहे हैं और 'एक मंदिर, एक श्मशान, एक पनघट' के संकल्प को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रांत धर्माचार्य प्रमुख बाल मुकुंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भारत गेंगट भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

महानगर सामाजिक संस्था विभाग से कमल राजपुरोहित, पवन गुर्जर, गौरव जीनगर, अमर सिंह एवं प्यारे लाल खोईवाल ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने संयुक्त रूप से महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके मार्गदर्शन में सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। आश्रम में उपस्थित सभी आगंतुकों के लिए भजन-संकीर्तन एवं प्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने स्वामी हंसराम जी का शॉल एवं माला पहनाकर पुनः सम्मान किया और उनके स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की।

## जलभराव व सीवरेज टैक लीकेज से रास्ता अवरूद्ध होने से AMPS स्कूल के छात्राओं व वार्ड वासियो ने किया प्रर्दशन

बढ़ता राजस्था



हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। न्यू ज्योति नगर 31 में सीवरेज के टैंक लीकेज से आम रास्ता जलमग्न होने से दूषित रास्ते से आवागमन अवरुद्ध होने से परेशान एमपीएस स्कूल के छात्राओं व लोगों ने.एल एनटीटी व नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी व प्रर्दशन कियावार्ड नंबर 31 की पार्षद राजो देवी व हुकुम गुर्जर पंकज जैन ने बताया कि न्यू ज्योति नगर वार्ड नंबर 31 में रास्ते मे लगे एल एनटी के सीवरेज टैंक जगह,जगह लीकेज होने से दूषित पानी व गंदगी से आम रास्ते मे जलभराव की स्थित बनी हुयी हैं।जिससे एएमपीएस स्कूल के छात्रों व कोलोनी के लोगों को आवागमन मे परेशानी से जूझना पड़ रहा है। एल एनटी व नगर परिषद ने दूषित पानी की निकासी नही कराने से बारिश का पानी भरने से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया हैं। नगर परिषद की गाड़ी में खाली प्लॉट में पानी को खाली कर दिया जिससे महिला व स्कूली बच्चों को दूषित पानी के जलभराव से निकलने की मजबूरी बनी हुयी हैं।चार माह से जलभराव से जूझ रहे लोगों ने क ई बार वार्ड पार्षद व नगर परिषद से शिकायत की।लेकिन लापरवाह एल एनटी के इंजिनियरो के कानों मे जूं तक नहीं रेंगी।अभी तक सीवरेज के लीकेज टैंको को ठीक नही करायी हैं।इसके चलते लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया। दूषित पानी में मलेरिया जाने तक मच्छरों का प्रकोप होने से मौसमी बीमारियां फैलने का भी अंदेशा बढ़ गया है। इसके चलते कई घरों में दूषित वातावरण से बीमार होने हो गये हैं। इन दोनों कॉलोनी के हालात बाद से बात रह गए हैं प्रशासन ने भी ईश्वर ध्यान नहीं दिया है इसको लेकर कॉलोनी के लोगों ने नगर परिषद में प्रदर्शन किया था अधिकारियों ने 7 दिन का टाइम दिया मगर व्यवस्था में सुधार नहीं किया आज फिर आंदोलन कर प्रदर्शनकिया प्रदर्शन करने वाले पंकज जैन, हुकुम गुर्जर, वार्ड नंबर 31 की पार्षद राजो देवी, गोपाल जैन, चंद्रेश गोयल, राजवीर जाट स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## आसपुरा में धार्मिक आयोजनः भगवान शंकर के शिवलिंग और मूर्ति स्थापना के साथ विशाल भण्डारा

बढ़ता राजस्था

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** आसपुरा स्थित बावड़ी वाले प्राचीन हनूमान मंदिर में शनिवार को एक भव्य धार्मिक आयोजन हुआ।



इस मौके पर भगवान शंकर के शिवलिंग, माता अंजना और भगवान नरबदेश्वर की मूर्ति स्थापना करवाई गई। कार्यक्रम का आयोजन आसपुरा बावड़ी महंत श्री श्री 1008 स्वर्गीय राघुदासजी महाराज व गोकुल दासजी महाराज के सान्निध्य एवं महंत गोकुल दासजी महाराज की अध्यक्षता में हुआ। इससे पूर्व महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसके बाद मूर्तियों का नगर भ्रमण करवाया गया। इस मौके पर विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम ग्रामवासियों के जन सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस दौरान कुंडाधाम महंत परमानन्द दास, गोपाल दास, कृष्ण दास, चंदू दास, मंदिर कमेटी अध्यक्ष अरविंद कुमार हवलदार, जगन यादव, लालचंद लम्बरदार, जगाराम रावत, मालाराम यादव, राजपाल, बनवारी बडवारी, लालाराम यादव, अशोक कुमार यादव, रोहिताश यादव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने भगवान की भक्ति में लीन होकर भजन और कीर्तन किया। मूर्ति स्थापना के बाद भक्तों ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं ने बड़े चाव से प्रसादी ग्रहण की।

## मुख्यमंत्री से भेंट कर कपासन के भाजपा पदाधिकारियों ने श्री सांवलिया धाम मूंगाना पधारने का निमंत्रण दिया

बढ़ता राजस्था

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा पदाधिकारीयो द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार से भेंटकर श्री सांवलिया धाम आश्रम ग्राम मूंगाना में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने हेतु निमंत्रण दिया गया।भाजपा नगर मंडल महामंत्री सोहनलाल खटीक ने बताया कि विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा कपासन विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारीयो के साथ मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भेंट की गयी।साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को श्री सांवलिया धाम मूंगाना पर मेवाड़ एवं श्री सांवलिया धाम मूंगाना के महंत चेतनदास महाराज के विशाल भंडारा,संत सम्मेलन,चरण पादुका एवं चादरविधि आदि प्रस्तावित कार्यक्रमो में पधारने का निमंत्रण दिया गया। इस दौरान कपासन विधानसभा क्षैत्र के भाजपा पदाधिकारीयो द्वारा मंडफीया स्थित श्री सांवलियाजी मंदिर मंडल गठन को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।साथ ही विधायक अर्जुनलाल महोदय द्वारा मुख्यमंत्री से कपासन विधानसभा से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस मौके पर विधायक जीनगर के साथ चित्तौड़गढ़ युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार बारेगामा,कपासन सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, शनिमहाराज मंडल अध्यक्ष रतननाथ योगी,कपासन युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,शनिमहाराज मंडल महामंत्री मोहन जाट,कपासन नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर एवं विधायक निजी सहायक तुलसी उपस्थित रहे।



## भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री मिंटू शर्मा का जोरदार स्वागत

बढ़ता राजस्था



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** भारतीय जनता पार्टी के नव मनोनीत महामंत्री मिंटू शर्मा का शनिवार को प्रागपुरा कस्बे स्थित आदर्श विद्या मंदिर में भाजपा के वरिष्ठ सदस्य मुकेश भारद्वाज के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला और साफा पहनाकर जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मिंटू शर्मा ने कहा कि वह पार्टी के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। मिंटू शर्मा को महामंत्री मनोनीत किये जाने पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व जयपुर ग्रामीण सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवायुष ने कहा, मिंटू शर्मा के महामंत्री बनने से पार्टी को एक नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। चौमू के तीन बार विधायक रहे पूर्व विधायक रामलाल शर्मा व विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा, मिंटू शर्मा एक मेहनती और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और वह पार्टी के लिए बहुत अच्छा काम करेंगे। भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल ने कहा, मिंटू शर्मा के महामंत्री बनने से पार्टी की स्थिति और मजबूत होगी। भाजपा जयपुर देहात उत्तर के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा, मिंटू शर्मा एक सच्चे और ईमानदार कार्यकर्ता हैं और वह पार्टी के लिए बहुत बड़ा योगदान देंगे। कार्यक्रम में भाजपा संकल्प सिद्धि के पूर्व विधानसभा संयोजक मुकेश भारद्वाज ने कहा, मिंटू शर्मा के स्वागत के लिए हम सभी एकत्रित हुए हैं और हमें उम्मीद है कि वह पार्टी के लिए बहुत अच्छा काम करेंगे। भाजपा अल्पसंख्यक नेता मुजीफ खान ने कहा, मिंटू शर्मा के महामंत्री बनने से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर नगरपालिका प्रशासक सुभाष कुमावत, युवा नेता उमेश कुमावत, घनश्याम मेहरा, छोटूराम सैन, सुनील मेहरा, गोपाल सैनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिंटू शर्मा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### महापौर पाठक की पहल पर नगर निगम का श्रावण मास में विशिष्ट आयोजन

# हनुमत धाम, सिद्धेश्वर महादेव व रामविहार शिवालय में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

बढ़ता राजस्था



**भीलवाड़ा (नि.स.)।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के दूसरे दिन वार्ड 23, 65 और 61 में महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में मंत्रोच्चार के साथ सहस्त्रधारा अभिषेक संपन्न हुआ। वार्ड 65 में रमा विहार गार्डन स्थित शिवालय में पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, भाजपा महामंत्री भगवती प्रसाद जोशी, पार्षद कांता देवी शर्मा की उपस्थिति, वार्ड 23 में मॉर्डन मिल के सामने स्थित हनुमत धाम आश्रम शिवालय मंदिर के महंत श्री रामदास रामायणी के सानिध्य, पार्षद पंडित अशोक शर्मा, लीला शर्मा की उपस्थिति एवं इसी प्रकार वार्ड 63 के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में पार्षद शांतिलाल डाड, आशा डाड की उपस्थिति में आचार्य योगेंद्र शास्त्री एवं सहयोगी पंडितों ने पूजा अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सहस्त्रधारा अभिषेक कराया।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक ओम साईराम, सह संयोजक पुनीत प्रताप सिंह, भाजपा जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतु शेखर शर्मा, प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह राव, पार्षद अनिल सिंह जादौन, लव कुमार जोशी, राम सिंह शक्तावत, भाजपा जिला महामंत्री भगवती प्रसाद जोशी, पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह, दीपक पाराशर, अशोक तलाइच, ओम सोमानी, ओम लड्ढा, अनीता सोमानी, चंद्रप्रकाश मंत्री, सीमा डाड, शेर सिंह राठौड़, पूरण सिंह पुरावत, योगेश कुमार आचार्य, रविशंकर सिंह, दिनेश कुमार गोड, राजेंद्र माहेश्वरी, इंद्र सिंह, मधुबाला अग्रवाल, वीरेंद्र शर्मा, गोविन्द सिंह राजावत, नारायण दाधीच सहित कई भक्तजन उपस्थित थे।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर परम पूज्य संत श्री कमलेश जी महाराज को मोहित टेलर ने हाथ की कढ़ाई से बनी भगवान श्री राम की प्रतिमा भेट की



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर जे ई सी सी सीतापुरा में आयोजित कार्यक्रम में रामाज कुर्तीस एवं रिसोर्ट के ओनर मोहित टेलर ने परम पूज्य संत श्री कमलेश जी महाराज को भगवान राम की हाथ की कढ़ाई से बनी प्रतिमा भेंट की माला- दुप्पटा और श्री फल दिया । इस कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन उपाध्यक्ष अजय पारीक, मंडल अध्यक्ष गोपाल सैनी , अभिषेक गुप्ता, कुशाल शर्मा, मोहित गुप्ता,गौरव जांगिड सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## फुलेरा की आशा बाल भारती स्कूल में पौधारोपण किया

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** कस्बे की सामलपुरा रोड़ स्थित आशा बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को निदेशक रामलाल चाहर के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया।पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल परिसर में हुई। जहां बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधे लगाए। पौधरोपण के दौरान विद्यार्थियों को हरियाली का महत्व और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर निदेशक रामलाल चाहर ने पौधारोपण के महत्व को समझाते हुए बताया कि यह हमें प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के साथ-साथ हमारे वातावरण की सुंदरता को भी बढ़ाता है। इसलिए हमें अधिक से अधिक हरे पेड़-पौधे लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधा लगाना और उसे बचाना हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। दूषित पर्यावरण से मौसम में बदलाव आ रहा है। ऐसे समय में हरे पेड़ पौधे हमें राहत देते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए सभी लोग कम से कम 10-10 पौधे लगाए। उन पौधों का संरक्षण करना चाहिए। जिससे आने वाले समय मे बहुत बढ़ा परिवर्तन दिखने लगेगा।

## इटली की होटल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपए ठगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** करणी विहार थाना इलाके में इटली की होटल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ढाई लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीडित का आरोप है कि आरोपित ने दो लाख रुपए मंथली सैलरी मिलने के लालच में उसे फांसा और फिर वीजा के नाम पर रुपए ऐंठते रहे। ठगी का पता चलने पर पीड़ित युवक ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि अजमेर के केकड़ी निवासी विशाल राव (28) ने मामला दर्ज करवाया है कि वह जयपुर में नौकरी करने के दौरान पांच्यावाला बस स्टेंड पर उसकी मुलाकात विजेंद्र सिंह से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपित विजेंद्र सिंह ने खुद की इटली में अच्छी जान-पहचान होना बताया। राजस्थान के बहुत से लोगों को इटली में अलग-अलग होटलों में नौकरी दिलाने के बारे में बताया। इटली की नामी होटल में नौकरी लगाने के लिए कहा। बातों में आने पर नौकरी ने अपने साथियों के साथ मिलकर इटली में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। वीजा के एवज में 1.63 लाख रुपए खर्च होना बताया। उसे झांसा दिया गया कि इटली में होटल में नौकरी के दौरान उसे इंडियन करेंसी में 2 लाख रुपए से अधिक मंथली सैलरी मिलेगी। जनवरी-2025 में पीड़ित ने कहे अनुसार उन्हें 1.63 लाख रुपए दे दिए। आरोप है कि उससे कुछ ब्लैंक दस्तावेज पर साइन भी करवाए गए। वीजा के काम में दिक्कत आने की बताकर मार्च 2025 में 80 हजार रुपए ले लिए। इसके बाद भी 15 हजार रुपए खर्चा बता कर ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। अलग-अलग बहाना बनाकर रुपए लेने के दौरान 1 लाख रुपए और देने की डिमांड की। बार-बार रुपयों की डिमांड को देखकर पीड़ित ने अपने दिए कुल 2.58 लाख रुपए लौटने के लिए कहा। रुपए देने का दबाव बनाने पर आरोपित ने धमकाया। धोखे का एहसास होने पर पीड़ित ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया।

## तेजी गति से आ रही कार ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आमेर थाना इलाके में शनिवार सुबह एक तेजी गति से आ रही कार ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया। इस हादसे के बाद कार चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे स्थानीय लोगों ने पीछा कर पकड़ लिया। जो शराब के नशे मे था। इस मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना उत्तर की ओर से की जा रही है। एएसआई माधोसिंह ने बताया कि आमेर थाने से दो किलोमीटर दूरी पर पानी की टंकी के पास एक कार ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। इसमें एक सात साल का बच्चा भी शामिल है। बाइक सहित तीनों सड़क पर गिर गए। हादसे में हांडी पुरा रेगरो का मोहल्ला निवासी लाली देवी (37), जितेन्द्र (41) और लविश (7) को गंभीर चोट आई। तीनों घायलों को स्थानीय लोग एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी आमेर लेकर गए। जहां लाली देवी की रीड की हड्डी में गंभीर चोट लगने से एसएमएस ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। वहीं कार चालक शराब के नशे में होने कारण उसे पुलिस ने शांतिभंग में गिरफ्तार किया। साथ ही आरोपित का मेडिकल करा कर कार को जब्त कर लिया गया है।

## नशीला पदार्थ खिलाकर कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जालूपुरा थाना इलाके में एक होटल में नशीला पदार्थ खिलाकर कॉलेज छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि गांव से आए रिश्तेदार युवक ने झूठ बोलकर कॉलेज छात्रा को मिलने बुलाया और फिर नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़ित कॉलेज छात्रा के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि जयपुर में पढ़ाई करने वाली 20 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि वह एक प्राइवेट कॉलेज में स्टूडेंट है। उसकी मां ने आरोपित युवक को धर्म का भाई बना रखा है। मुंह बोला रिश्तेदार होने के कारण आरोपित से उसकी बातचीत होती रहती थी। उसका घर पर आना-जाना भी था। आरोप है कि मार्च-2025 में आरोपित गांव से जयपुर आया था। जयपुर आने पर आरोपित ने कॉल कर बताया कि उसकी मां ने कुछ सामान देने के लिए भेजा है। झूठ बोलकर सामान लेने के लिए उसे जालूपुरा स्थित होटल में मिलने बुलाया। होटल में आने पर आरोपित रिश्तेदार ने उसे धोखे से नशीला पदार्थ खिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर डरा-धमकाकर चुप रहने का दबाव बनाया। ब्लैकमेल कर धमकी देकर उसे बुलाकर होटल में दो-तीन बार देहशोषण किया। इस संबंध में थाने में पीड़ित युवती ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। वहीं पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर कर आरोपित रिश्तेदार को गिरफ्तार किया।

# वैध खनन को बढ़ावा देने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का महत्वपूर्ण निर्णय

### ारी लाइसेंस धारकों एवं अप्रधान खनिज लीज धारकों को राहत, 30 सितम्बर, 2025 तक किए जा सकेंगे अवधि वृद्धि के ऑनलाइन आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने क्वारी लाइसेंस धारकों एवं अप्रधान खनिज लीज धारकों को राहत प्रदान करते हुए खनन पट्टों की अवधि वृद्धि के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की तारीख 30 सितम्बर, 2025 तक बढ़ाने जाने की प्रशासनिक अनुमति प्रदान की है। इसके लिए राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली-2017 के नियम 9 (3ए) एवं नियम 10 (3ए) में संशोधन किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से जहां राज्य सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी, वहीं अवैध खनन पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। साथ ही, अवधि समाप्त क्वारी लाइसेंसों के डेलिनियेशन की कार्यवाही में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से निजात मिलने के कारण करीब 2500 क्वारी लाइसेंस धारकों को राहत मिलेगी। विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया था कि खान एवं भूविज्ञान विभाग के डीएमजी ऑनलाइन सिस्टम पर क्वारी लाइसेंस के डाटा ऑनलाइन अपडेट नहीं होने से



बहुत से क्वारी लाइसेंसधारक अवधि वृद्धि का ऑनलाइन आवेदन पूर्व में निर्धारित तारीख 31 मार्च, 2025 तक करने से वंचित रह गए थे।

उल्लेखनीय है कि वैध खनन को बढ़ावा देने और खनिज क्षेत्र में ईज ऑफ डूइंग पर जोर देते हुए नियमों के सरलीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस क्रम में अप्रधान खनिजधारकों को लीज अवधि बढ़ाने के लिए अलग-अलग स्तर पर आवेदन करने की आवश्यकता समाप्त करते हुए अप्रधान खनिज लीज अवधि में वृद्धि के अधिकार संबंधित खनिज अभियंता व सहायक अभियंता को दिए गए हैं। इसी प्रकार, अप्रधान खनिज के खनन पट्टों और क्वारी लाइसेंस की अवधि वर्ष 2040 तक बढ़ाए जाने के बाद देय प्रीमियम राशि एकमुश्त जमा कराने में असुविधा को देखते हुए अधिकतम पांच किश्तों में प्रीमियम राशि जमा कराने की छूट प्रदान कर दी गई है। राज्य सरकार के इन निर्णयों से अप्रधान खनिज लीज व क्वारी लाइसेंस धारकों को बड़ी राहत मिली है।

## प्रतिभा सम्मान समारोहः क्षेत्र के 35 होनहार विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति, मोती नगर एवं कटेवा नगर, जयपुर द्वारा क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष श्री श्याम विजय द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए समिति द्वारा संचालित सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

समारोह के दौरान कुल 35 छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रियंका गौतम ने की, जबकि मुख्य अतिथि सुधीर अग्रवाल, निदेशक, आई.पी.एस. बिजनेस स्कूल ने बच्चों को प्रेरणादायक संबोधन के माध्यम से प्रोत्साहित किया। समिति के

**कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष श्री श्याम विजय द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए समिति द्वारा संचालित सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।**

मुख्य संरक्षक आर.के. अग्रवाल, संरक्षक एन.के. खीचा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा एवं समिति के समस्त सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह, प्रेरणा और समाज सेवा की भावना से परिपूर्ण रहा।









## मानसरोवर प्लाजा में बड़ा हादसा टला, जानलेवा खंभे बने खतरा जिम्मेदार बेपरवाह

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी के व्यस्त और पॉश इलाकों में शुमार मानसरोवर प्लाजा में लापरवाही किसी बड़ी त्रासदी को दावत दे रही है। 9 अप्रैल 2025 की शाम यहां एक जर्जर लोहे का खंभा अचानक एक खड़ी कार पर आ गिरा। सौभाग्य से कार में मौजूद युवक को समय रहते बाहर निकाल लिया गया, लेकिन वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।घटना के वक्त युवक पास की एक एसी दुकान पर सामान लेने आया था। जोरदार आवाज सुनकर मौके पर भीड़ जुट गई और पुलिस को सूचना दी गई। प्लाजा मैनेजर अजय सिंह शेखावत मौके पर पहुंचे और खंभे को अवैध स्वीकार करते हुए नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया। लेकिन तीन महीने गुजर जाने के बाद भी न कोई सहायता मिली और न ही मुआवज़ा। अब मैनेजर मालिक के विदेश में होने की दलील देकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं। वहीं, पीड़ित युवक न्याय की आस में थानों के चक्कर काट रहा है। गौरतलब है कि प्लाजा में अब भी कई खस्ताहाल खंभे लगे हुए हैं, जो आने वाले दिनों में किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।पीड़ित ने एफआईआर दर्ज करने और उचित मुआवज़ा दिलाने की मांग की है, साथ ही प्रशासन से ऐसे जानलेवा खंभों को हटाने की गुहार भी लगाई है। सवाल अब यह उठता है क्या कोई बड़ा नुकसान होने के बाद ही जिम्मेदार जागेंगे?

## समाजसेवी अमित भारद्वाज ने सेवा कार्य के रूप में मनाया जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** समाजसेवी अमित भारद्वाज ने अपना जन्मदिन जन सेवा कार्यों के रूप में मनाया। इस दौरान आवश्यकतानुसार जरूरतमंदों को फल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया। वहीं ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर के आंगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों को पाठ्य सामग्री, स्टेशनरी इत्यादि का वितरण किया। इस दौरान श्रीमती श्वेता भारद्वाज, कठपुतली नगर विकास समिति एवं डीजेएचआरएफ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक, श्रीमती रतन भारद्वाज, महावीर इंटरनेशनल पिंक सिटी केन्द्र की चेयरपर्सन श्रीमती माया जैन आदि ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को स्टेशनरी एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया।



## वृक्षारोपण कार्यक्रमः परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति द्वारा 25 पौधों का रोपण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति द्वारा शनिवार को प्रातः 9.30 बजे गोविंद मार्ग, गुर्जर की थड़ी, चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित सार्वजनिक पार्क ( मेट्रो पिलर संख्या 69 के सामने ) में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक आर.के. अग्रवाल, अध्यक्ष श्याम विजय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, क्षेत्रीय पार्षद रोहिताश्व सिंह एवं समिति के अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत आर.के. अग्रवाल ने जानकारी दी कि पार्क में विभिन्न किस्मों के लगभग 8-10 फीट लंबाई के कुल 25 पौधे रोपे गए। समिति ने यह संकल्प लिया कि इन पौधों की देखभाल नियमित रूप से की जाएगी ताकि वे सही रूप से विकसित हो सकें। इस वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाना है, जो समिति की सेवा और परमार्थ भावना का प्रतीक है।

# वुमेन वेलनेस और फिटनेस सेंटर विनिंग वेगा ने किया अपनी 12वीं वर्षगांठ को सेलिब्रेट

### संस्थापक डॉ. शमिता शर्मा और मिसेज इंडिया ग्लैम इंटरनेशनल अवनी शर्मा ने शेयर की सक्सेस स्टोरी, महिलाओं को किया गया सम्मानित, महिलाओं ने मनाया वेलनेस का उत्सव, फिटनेस, ब्यूटी और मेंटल के साथ साथ हॉलिस्टिक हेल्थ पर रहा खास फोकस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में शनिवार को मानसरोवर स्थित होटल रॉयल बाग में वुमेन वेलनेस और फिटनेस सेंटर विनिंग वेगा की ओर से आजकल की डेली लाइफ़ रुटीन के सबसे जरूरी मुद्दे हॉलिस्टिक हेल्थ पर टॉक शो चर्चा करते हुए अपनी 12वीं वर्षगांठ को भव्य रूप से सेलिब्रेट किया गया। इस खास मौके पर संस्थान की अब तक की शानदार यात्रा, हजारों लोगों के जीवन में लाए गए बदलाव और महिलाओं के सशक्तिकरण को सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं को उनके द्वारा अचीव किए गए गोल्स व अचीवमेंट के लिए ट्रॉफी, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विनिंग वेगा की चित्रकूट, मानसरोवर







और मालवीय नगर ब्रांच की संचालिका एवं टीम मेंबर्स भी उपस्थित रहे।

सेंटर की फाउंडर डायरेक्टर डॉ. शमिता शर्मा और मिसेज इंडिया ग्लैम इंटरनेशनल अवनी शर्मा ने बताया कि आज के कार्यक्रम का उद्देश्य 12 वर्षों की निरंतर सफलता, समर्पण और वेलनेस के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव मनाना है। साथ ही, इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने सदस्यों की उपलब्धियों को सम्मान देना, टीम के प्रयासों को सराहना और महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष वेलनेस एग्ज़िबिशन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में फिटनेस, सुंदरता और आत्म-देखभाल के माध्यम से 1,000+ व्यक्तियों की जीवन यात्रा को प्रदर्शित किया गया। इसमें वास्तविक जीवन की सफलता की कहानियां, महिला उद्यमियों की प्रदर्शनी और जयपुर की वेलनेस कम्युनिटी की भावना को उजागर किया गया। उन्होंने आगे बताया कि विनिंग वेगा की ओर से महिलाओं के लिए जुम्बा, एरोबिक्स, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, मेडिकल बैचेस पीसीओडी, थायरॉइड, बैक पेन आदि), योग, मेडिटेशन, स्ट्रेचिंग, कॉर्पोरेट ग्रुप फिटनेस सेशन्स आदि की सुविधाएं दी जाती हैं। इस कार्यक्रम में पवन टांक (संस्थापक, इंडिया ग्लैम ऑर्ग.), कीर्ति टांक (, सीईओ इंडिया ग्लैम ऑर्ग.), डॉ. रवीना आहूजा (मिस इंडिया ग्लैम 2025 - रनर अप), सुमन बड़वाल (मिसेज इंडिया ग्लैम 2023), परमप्रीत मेहरा (ग्लोबल मिसेज इंडिया एशिया पैसिफिक 2025) स्पेशल गेस्ट के तौर पर उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# पूरी दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही है मुस्लिम आबादी, ईसाई घट रहे, हिंदू आबादी स्थिर

अक्सर कहा जाता है कि भारत में मुस्लिमों की जनसंख्या में तेज वृद्धि हो रही है लेकिन अब जो आंकड़े सामने आये हैं वह दर्शा रहे हैं कि पूरी दुनिया में मुस्लिम आबादी में सबसे तेज वृद्धि हो रही है। आंकड़े यह भी बता रहे हैं कि अगर यही रुझान जारी रहे तो 2050 तक मुस्लिम और ईसाई आबादी लगभग बराबर हो सकती है और 2070 के बाद मुस्लिम जनसंख्या ईसाइयों से आगे निकल सकती है। यह परिवर्तन न केवल सांख्यिकीय रूप से बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक दृष्टि से भी पूरे विश्व को प्रभावित करेगा।

हम आपको बता दें कि प्यू रिसर्च सेंटर की एक विश्लेषणात्मक रिपोर्ट How the Global Religious Landscape Changed From 2010 ह्लश 2020 ने वैश्विक धार्मिक जनसांख्यिकी में हो रहे व्यापक परिवर्तनों की तस्वीर सामने रखी है। इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला धार्मिक समुदाय मुस्लिम समुदाय है। रिपोर्ट के मुताबिक 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या में हुई वृद्धि ने अन्य सभी धर्मों को पीछे छोड़ दिया है।

रिपोर्ट कहती है कि 2010 से 2020 के बीच मुस्लिमों की संख्या 347 मिलियन (34.7 करोड़) बढ़ी, जोकि अन्य सभी धर्मों की सम्मिलित वृद्धि से भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक मुस्लिम जनसंख्या का प्रतिशत 23.9% से बढ़कर 25.6% हो गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से युवा आबादी और उच्च प्रजनन दर के कारण हुई। रिपोर्ट कहती है कि 2010 में ईसाई वैश्विक आबादी का 30.6% थे, जो 2020 में घटकर 28.8% रह गए। इस गिरावट का मुख्य कारण था धार्मिक त्याग, जिसमें खासतौर पर लोग पश्चिमी देशों में ईसाई धर्म को छोड़ रहे हैं।

वहीं रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक हिंदू आबादी लगभग 1.2 अरब हो गई है (2010 में 1.1 अरब थी), यानी 12% की वृद्धि हुई है। हालांकि हिंदुओं का वैश्विक प्रतिशत 15% से मामूली घटकर 14.9% हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं की प्रजनन दर वैश्विक औसत के अनुरूप है और धर्मांतरण की दर भी बहुत कम है। रिपोर्ट के मुताबिक 2020 तक दुनिया के 95% हिंदू भारत में रहते हैं।

इसके अलावा, 'नो-रिलिजन' वर्ग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। धार्मिक रूप से असंलग्न लोगों की संख्या 270 मिलियन बढ़कर 1.9 अरब हो गई है और इनका वैश्विक हिस्सा 23.3% से बढ़कर 24.2% हो गया है। वहीं प्रमुख धर्मों में केवल बौद्ध धर्म की आबादी 2010 की तुलना में 2020 में कम रही। 2010 में बौद्ध वैश्विक जनसंख्या का 4.9% थे, पर 2020 में यह घट गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हिंदुओं की आबादी 2010 के 80% से घटकर 2020 में 79% हो गई है। वहीं भारत में मुस्लिम आबादी 2010 के 14.3% से बढ़कर 2020 में 15.2% हो गई है। यह वृद्धि भी मुख्य रूप से प्रजनन दर और युवा जनसंख्या के कारण है, न कि धर्मांतरण से। हालांकि भारत में मुस्लिमों की यह वृद्धि अन्य दक्षिण एशियाई देशों जैसे पाकिस्तान या बांग्लादेश की तुलना में धीमी है, पर फिर भी यह एक महत्वपूर्ण सांख्यिकीय परिवर्तन है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 13 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1260 लिथुआनिया के ग्रैंड डची के खिलाफ ड्यूरेब की लड़ाई में लिवोनियन ऑर्डर को 13 वीं पराजय में सबसे बड़ी हार मिली।
- 1534 ऑटोमन सेना ने उत्तर पश्चिमी फारस में ताबरिज पर कब्जा किया।
- 1645 अलेक्सेई रोमानोव अपने पिता माइकल की जगह रूस के शासक बने।
- 1700 कांस्टेंटिनोपल की संधि शांति की स्थापना के बाद रूसी-तुर्की युद्ध हुआ।
- 1771 ब्रिटेन के विख्यात नाविक जेम्ज़ कुक की पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्ध की ऐतिहासिक खोज-यात्रा तीन वर्ष के बाद समाप्त हुई।
- 1772 कैप्टन जेम्स कुक ने दक्षिणी सागर की दूसरी यात्रा शुरु की।
- 1787 संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के लिए नियमों को नियंत्रित करने के लिए नॉर्थवेस्ट अध्यादेश की पुष्टि की।
- 1793 शेर्लोट कॉर्डे ने अपने बाथटब में फ्रांसीसी क्रांति और आतंक के शासनकाल, दोनों में एक नेता जीन पॉल मारत की हत्या कर दी।
- 1813 इटली की राष्ट्रीय सैन्य पुलिस कार्बिनेरिरी, विक्टर इमॅन्यूएल द्वारा सार्डिनिया साम्राज्य की पुलिस बल के रूप में स्थापित की गयी।
- 1814 विक्टर इमैन्यूएल द्वारा इटली की राष्ट्रीय सैन्य पुलिस कार्बिनेरिरी को सार्डिनिया साम्राज्य के पुलिस बल के रूप में स्थापित की गई।
- 1814 इटली की राष्ट्रीय सैन्य पुलिस काराबिनेरी को विक्टर इमैनुएल प्रथम ने किंगडम ऑफ द सार्डिनिया के पुलिस बल के रूप में तलब किया था।
- 1814 काराबिनेरी (आधुनिक कैराबिनियर चित्र), इटली की राष्ट्रीय सैन्य पुलिस, विक्टर इमैनुएल ढ्ढ द्वारा सार्डिनिया राज्य के पुलिस बल के रूप में स्थापित किया गया था।
- 1832 हेनरी स्कूलक्रॉफ्ट ने मिनेसोटा में मिसीसिपी नदी के स्रोत की खोज की।
- 1863 न्यूयॉर्क शहर में तीन दिन का दंगा शुरू हो गया, संयुक्त राज्य अमेरिका के कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों के विरोधियों ने पुरुषों को मसौदा तैयार करने के लिए अमेरिकी गृह युद्ध जारी रखा।
- 1871 क्रिस्टल पैलेस लंदन में विश्व का पहला चैम्पियनशिप बिल्ली शो हैरिसन वेयर द्वारा आयोजित किया गया।
- 1878 बर्लिन की कांग्रेस के समापन पर, प्रमुख शक्तियों यूरोप ने बर्लिन की संधि पर हस्ताक्षर किए, बाल्कन के नक्शे को फिर से तैयार किया।
- 1882 रूस में ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण 200 लोगों की मौत हो गई।
- 1918 टोकायाम की खाड़ी में जापानी युद्धपोत में विस्फोट हुआ। जिसमें 500 लोगों की मौत हुई।
- 1923 कैलिफोर्निया के शहर लॉस एंजिलिस में माउंट हिल्स के पास जमीन की कीमतों को बढ़ाने के लिए प्रचार के मकसद से % ॥श्चद्यद्य42श्चश्स्र% लिखा गया था। 1929
- 1923 हॉलीवुडलैंड साइन आधिकारिक तौर पर कैलिफोर्निया, हॉलिवुड के ऊपर की पहाड़ियों में एक नए आवास विकास के लिए समर्पित रूप में समर्पित था।

## विशेष आलेख

# 'गिरते पुल, ढहती ज़िम्मेदारियाँ: बुनियादी ढांचे की सड़न और सुधार की ज़रूरत'



डॉ सत्यवान सौरभ

**भारत विकास के पथ पर दौड़ रहा है, लेकिन इस दौड़ में जिन सड़कों, पुलों और इमारतों पर यह प्रगति टिकी है, वे खुद कब की चरमराने लगी हैं। सवाल यह नहीं कि वडोदरा में पुल क्यों गिरा, सवाल यह है कि देशभर में ऐसे कितने और पुल गिरने की कगार पर हैं और हमने अब तक उनसे क्या सीखा?भारत में बीते एक दशक में सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के ढहने की घटनाओं की एक लंबी सूची है। 2016 में कोलकाता का विवेकानंद फ्लाईओवर निर्माण के दौरान ही गिर गया, जिसमें 27 लोगों की जान गई।**

**वडोदरा में पुल गिरना कोई अकेली घटना नहीं, बल्कि भारत के जर्जर होते बुनियादी ढांचे की डरावनी सच्चाई है। पुरानी संरचनाएं, घटिया सामग्री, भ्रष्टाचार और निरीक्षण की अनुपस्थिति — यह सब मौत को दावत दे रहा है। राड्ढजनीतिक घोषणाएं तो बहुत होती हैं, लेकिन टिकाऊ निर्माण और जवाबदेही की योजनाएँ नदारद हैं। अब वक़्त है कि सरकार केवल निर्माण नहीं, निरीक्षण और संरक्षण को भी प्राथमिकता दे। वरना पुल ही नहीं, जनता का भरोसा भी बार-बार ढहेगा। विकास सिर्फ रफ्तार नहीं, मज़बूत नींव और ज़िम्मेदारी मांगता है — जो अभी बहुत कमज़ोर है।**

वडोदरा में 40 साल पुराने पुल का हालिया ढहना न केवल एक स्थानीय त्रासदी है, बल्कि यह पूरे भारत के बुनियादी ढांचे की बिखरती हकीकत की नुमाइश है। ऐसे हादसे अब चौंकाते नहीं, बल्कि लगातार दोहराए जाने वाले सिस्टम फेल्योर के आदतन प्रमाण बन चुके हैं। हर बार हादसे के बाद वही रटे-रटाए बयान, वही दिखावटी जांच कमेटी, और फिर वही खामोशी — जब तक अगला पुल न गिर जाए।

भारत विकास के पथ पर दौड़ रहा है, लेकिन इस दौड़ में जिन सड़कों, पुलों और इमारतों पर यह प्रगति टिकी है, वे खुद कब की चरमराने लगी हैं। सवाल यह नहीं कि वडोदरा में पुल क्यों गिरा, सवाल यह है कि देशभर में ऐसे कितने और पुल गिरने की कगार पर हैं और हमने अब तक उनसे क्या सीखा?भारत में बीते एक दशक में सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के ढहने की घटनाओं की एक लंबी सूची है। 2016 में कोलकाता का विवेकानंद फ्लाईओवर निर्माण के दौरान ही गिर गया, जिसमें 27 लोगों की जान गई। 2018 में वाराणसी में एक पुल का हिस्सा ढहने से कई लोग मारे गए। 2022 में गुजरात के मोरबी में केबल ब्रिज गिरने से 130 से अधिक लोग मारे गए। और अब 2024 में वडोदरा में पुल गिरा। इससे पहले बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल और असम में भी पुल ढहने की घटनाएं हुई हैं।

इन हादसों का पैटर्न स्पष्ट है — पुरानी संरचना, घटिया निर्माण सामग्री, लचर निरीक्षण व्यवस्था और पूरी तरह से अनुपस्थित जवाबदेही।

भारत के अधिकांश पुल, इमारतें और सार्वजनिक संरचनाएं 30 से 60 साल पहले बनी थीं। उस समय न तो जलवायु परिवर्तन की मार इतनी तीव्र थी, न ही ट्रैफिक और जनसंख्या का भार इतना अधिक। परंतु इन्हें कभी समय रहते मरम्मत नहीं मिली। बन गया तो बन गया की मानसिकता ने इन ढांचों को धीरे-धीरे मौत के कुएं में बदल दिया।

टेंडर प्रक्रिया में सबसे कम बोली लगाने वाले ठेकेदार को ठेका देना, फिर उसी ठेकेदार का बजट काटना, सस्ती सामग्री का उपयोग करना — यह सब इतना आम हो चुका है कि हम इसे भ्रष्टाचार मानना ही भूल गए हैं। यह एक संस्थागत भ्रष्टाचार है जिसमें प्रशासन, ठेकेदार और कभी-कभी राजनेता भी शामिल होते हैं।

क्या कभी आपने किसी पुल के पास बोर्ड देखा है जिस पर लिखा हो — यह पुल अंतिम बार कब जांचा गया था? शायद ही कभी। कारण स्पष्ट है — निरीक्षण नाम की प्रक्रिया कागजों में सिमट चुकी है। टेक्नोलॉजी का युग होने के बावजूद भारत के पास कोई केंद्रीकृत पुल स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली नहीं है।

पिछले कुछ वर्षों में असामान्य बारिश, बाढ़, अत्यधिक गर्मी और भूकंप जैसी घटनाओं में तेजी आई है। लेकिन हमारे अधिकांश ढांचों का डिज़ाइन इन नई चुनौतियों को ध्यान में रखकर नहीं हुआ था। कमजोर नींव, जल निकासी की खराब व्यवस्था और भूस्खलन की अनदेखी इसका परिणाम है।

भारत में बुनियादी ढांचे को राजनीतिक स्टंट के रूप में तो खूब इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन दीर्घकालीन संरचनात्मक मजबूती की कोई गंभीर योजना शायद ही कहीं देखी जाती है। फिट फॉर फोटो परियोजनाएं बनती हैं, जो जल्दी ढह भी जाती हैं।

हर साल सरकारें इंफ्रास्ट्रक्चर पर हजारों करोड़ का बजट पास करती हैं। पुल निर्माण, सड़क विस्तार, शहरी आवास योजना जैसी परियोजनाओं में भारी निवेश होता है। लेकिन यह बजट वास्तव में कहाँ जाता है? यदि पुल गिर रहा है तो इसका मतलब है कि या तो बजट जमीनी स्तर तक पहुँचा ही नहीं, या उसका दुरुपयोग हुआ।

भारत में अब विकास की चर्चा अर्थव्यवस्था की रफ्तार से नहीं, गिरने वाले पुलों की संख्या से होनी चाहिए।

अगर हमें भारत को सुरक्षित, सतत और सशक्त बनाना है तो हमें बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी ही होगी।

बीस साल से अधिक पुराने सभी पुलों, इमारतों, फ्लाईओवर आदि का हर तीन वर्ष में एक बार स्वतंत्र संरचनात्मक परीक्षण अनिवार्य किया जाए। इसके निष्कर्ष सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध हों।

एक स्वतंत्र राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा निरीक्षण प्राधिकरण का गठन किया जाए जो केवल निरीक्षण, रेटिंग और रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार हो। इसकी रिपोर्ट सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त हो।

पुलों में कंपन, भार, तापमान आदि की निगरानी के लिए सेंसर लगाए जाएं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली किसी भी अनियमितता पर तुरंत चेतावनी दे सकती है।

अब समय है कि टेंडर प्रणाली को केवल न्यूनतम बोली पर आधारित होने से रोका जाए।

# शर्मनाक/ निंदनीय: यह कैसा हिंदुत्व, मारपीट से बढ़ेगा सनातन !!



राकेश शर्मा

**कतिपय पर ऐसे उदाहरण हाल ही पुलिस के गिरफ्त में आने के बाद सामने आए हैं! बात उत्तर प्रदेश में कांवरियों की यात्रा को लेकर हो या फिर राजस्थान में विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम की नगरी में मारपीट की घटनाओं ने हिंदुत्व एवं सनातन के मामले पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है!**

**हो सकता है कि ऐसी घटनाओं में छद्द वेश में कुछ समाजकंटक धर्म एवं समाजों को बदनाम करने में जुटे हुए हों!**

**आवश्यकता है कि इन घटनाओं के पीछे कौन से छद्द लोग हैं उनके पर्दाफाश करने की आवश्यकता है।**

देश में जहां एक और हिंदुत्व एवं सनातन को लेकर बहस छिड़ी हुई है वहीं दूसरी ओर धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालु हों या राहगीर जिस प्रकार उनके साथ मारपीट की घटनाएं घटित हो रही हैं, वह घोर निंदनीय एवं शर्मनाक हैं! ऐसी घटनाओं को किसी प्रकार से किसी भी धर्म या समाज के लिए सही नहीं कहा जा सकता है!

हो सकता है कि ऐसी घटनाओं में छद्म वेश में कुछ समाजकंटक धर्म एवं समाजों को बदनाम करने में जुटे हुए हों! कतिपय पर ऐसे उदाहरण हाल ही पुलिस के गिरफ्त में आने के बाद सामने आए हैं! बात उत्तर प्रदेश में कांवरियों की यात्रा को लेकर हो या फिर राजस्थान में विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम की नगरी में मारपीट की घटनाओं ने हिंदुत्व एवं सनातन के मामले पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है! आवश्यकता है कि इन घटनाओं के पीछे कौन से छद्म लोग हैं उनके पर्दाफाश करने की आवश्यकता है।

महिला हो या मरद... दे लाठी...

विश्व प्रसिद्ध राजस्थान के सीकर जिले में रींगस क्षेत्र में स्थित खाटूश्यामजी मंदिर के सामने शुक्रवार सुबह 10 के लगभग एक शर्मनाक घटना सामने आई, जिसने आस्था की धरती को हिलाकर रख दिया। भारी बारिश के दौरान श्याम कुंड के पास स्थित दुकान नंबर दो पर उज्जैन (मध्य प्रदेश) से आए श्रद्धालु जब शरण की आस में घुसे, तो दुकानदार भड़क गया और बात इतनी बढ़ गई कि मंदिर के आसपास लाठियां चलने लगीं। श्रद्धालुओं और दुकानदारों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी घायल हो गए। श्रद्धालुओं का आरोप है कि दुकानदारों ने लाठियों से जमकर पीटा। महिलाओं को नहीं बख्शा। उन पर लाठिया चलाने में कोई परहेज नहीं किया। महिलाओं ने चोट के निशान भी दिखाए।

पुलिस ने 4 दुकानदारों को किया गिरफ्तार

खाटूश्यामजी थाना प्रभारी पवन चौबे ने बताया कि मामले में चार दुकानदारों को शांतिभंग और मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एमपी निवासी श्रद्धालु लव भाटी की ओर से लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। रिपोर्ट में 10-15 दुकानदारों के खिलाफ मारपीट, सोने की चैन, मंगल सूत्र व नकदी लूटने का आरोप लगाया गया। पुलिस का कहना है कि यह घटना तात्कालिक आवेश का परिणाम है, और जैसे ही सूचना मिली, तुरंत कार्रवाई की गई। यह पूरी घटना श्याम दर्शन मार्ग श्याम कुण्ड के सामने हुई है।

सोशल मीडिया पर उबाल

घटना के वीडियो वायरल होते ही लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। यूजर्स ने श्रद्धालुओं पर हुए हमले को %आस्था का अपमान% बताया। एक यूजर ने लिखा- आस्था के स्थल पर इस तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जा सकती। खाटूश्यामजी देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और यहां इस तरह की घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान



ओम प्रकाश मेघवाल (आईपीएस)
(डीआईजी रेंज अजमेर)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के शानदार अधिकारी श्री ओमप्रकाश मेघवाल। 10 दिसम्बर सन 1971 को राजस्थान के झुंझुनू जिले में जन्में ओमप्रकाश जी ने बीए व एमए की शिक्षा लेकर राजस्थान पुलिस सेवा में आए। ओमप्रकाश जी कई जिलों में डिप्टी एसपी व एडिशनल एसपी रहे जहां शानदार पुलिसिंग कर अपराधियों में भय पैदा कर अपराध रोके। 28 जून सन 2013 भारतीय पुलिस सेवा में पदोन्नति होकर अनेक जिलों में एसपी रहे और आज उप महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेन्ज अजमेर पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये उप महानिरीक्षक पुलिस, पाली रेन्ज पाली। उप महानिरीक्षक पुलिस, राज्य आपदा प्रतिसाद बल, जयपुर। उप महानिरीक्षक पुलिस, सुरक्षा जयपुर।उप महानिरीक्षक पुलिस, आर्म्ड बटालियन.प्रथम, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, टोंक।
पुलिस अधीक्षक, सी,आई,डी मानवाधिकार जयपुर। पुलिस अधीक्षक, बूंदी।
पुलिस अधीक्षक, सिरोही। पुलिस अधीक्षक जीआरपी अजमेर। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी सुरक्षा जयपुर। कमांड़ेंट 5जी बटालियन, आरएसी जयपुर। इसके अलावा पुलिस उप महानिरीक्षक, रेलवे जयपुर का अतिरिक्त पदभार संभाला। अनेकों मैड़ल व पदकों से नवाजा गया है। शानदार अधिकारी हैं ओम प्रकाश जी। अलवर एडिशनल एसपी ग्रामीण के पद पर रहे और उनकी कार्यशैली को करीब से देखना का मौका मिला। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## संस्मरण

# भारत के स्टील मैन थे दोराबजी टाटा

आज ही के दिन यानी की 03 जून को दोराबजी जमशेदजी टाटा का निधन हो गया था। उन्होंने टाटा ग्रुप को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया था। निस्वार्थता और परोपकार की भावना उनको अपने पिता से विरासत में मिली थी।

आज के दौर में टाटा कंपनी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। इस कंपनी की को नई ऊंचाई तक पहुंचाने में सर दोराबजी जमशेदजी टाटा का अहम योगदान रहा था। आज ही के दिन यानी की 03 जून को दोराबजी जमशेदजी टाटा का निधन हो गया था। उन्होंने टाटा ग्रुप को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया था। निस्वार्थता और परोपकार की भावना उनको अपने पिता से विरासत में मिली थी। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर दोराबजी टाटा के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

दोराबजी टाटा का जन्म 27 अगस्त 1859 को हुआ था। उनके पिता का नाम जमशेदजी टाटा था और वह सबसे बड़े बेटे थे। देश के महान उद्योगपति सर दोराबजी टाटा बिजनेस अपने पिता से विरासत में मिला था। उन्होंने अपने पिता से बिजनेस के गुण भी सीखे थे। साल 1904 में पिता जमशेदजी टाटा की मृत्यु के बाद दोराबजी टाटा ने टाटा समूह की कमान संभाली थी।

कंपनी का नेतृत्व संभालने के सिर्फ 3 महीने बाद ही दोराबजी टाटा ने स्टील के क्षेत्र में कदम रखा और साल 1907 में टाटा स्टील और साल 1911 में टाटा पावर की स्थापना की थी। उस दौर में टाटा स्टील देश का पहला इस्पात संयंत्र हुआ करता था। अधिकतर लोहे की खानों का सर्वेक्षण उन्हीं के नेतृत्व में हुआ। दोराबजी टाटा ने कारखाना लगाने के लिए मैंगनीज, कोयला और लोहा समेत इस्पात और खनिज पदार्थों की खोज की। वहीं साल 1910 आते आते ब्रिटिश सरकार की तरफ से उनको नाइटहुड की उपाधि से नवाजा गया।

बता दें कि दोराबजी टाटा समूह के पहले चेयरमैन बने और साल 1908 से लेकर 1932 तक इस पद पर कायम रहे। उन्होंने अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए जमशेदपुर का विकास किया और यह शहर औद्योगिक नगर के तौर पर भारत के नक्शे पर छा गया।

उद्योग के अलावा दोराबजी टाटा को खेलों में भी रुचि थी। उन्होंने कैंब्रिज में बिताए 2 साल में खेलों में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। वह क्रिकेट और फुटबॉल भी खेलना जानते थे और अपने कॉलेज के लिए टेनिस भी खेला था। इसके अलावा दोराबजी एक अच्छे घुड़सवार थे। साल 1920 में उन्होंने भारत को पहली बार ओलंपिक में भाग लेने के लिए प्रेरित किया था। बता दें कि भारतीय ओलंपित परिषद के अध्यक्ष रहते हुए दोराबजी टाट ने साल 1924 में पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम की आर्थिक तौर पर मदद की थी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

### वृष
आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

### मिथुन
मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

### कर्क
दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

### सिंह
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

### कन्या
साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

### तुला
मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

### वृश्चिक
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

### धनु
परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

### मकर
सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

### कुंभ
व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

### मीन
ाजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

# गलवा नदी के रपटे से बूंदी का युवक बहा, एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमें कर रहीं तलाश, खेत से लौटते समय हादसा

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** उनियारा थाना क्षेत्र में गलवा बांध के पेटे (भराव क्षेत्र) में गलवा नदी पर बने रपटे पर समीपवर्ती बूंदी जिले का एक युवक के बह गया। सूचना पर परिजनों ने तलाशा, लेकिन नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे पुलिस और एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम उसकी तलाशी में जुटी हुई है। दोपहर तक युवका का पता नहीं लगा है। रपटे पर करीब दो फ़ीट से ज्यादा पानी बह रहा है। मौके पर उनियारा पुलिस उपाधीक्षक रघुवीर सिंह भाटी, एएसआई रतन लाल मीणा, उनियारा तहसीलदार प्रवीण कुमार सैनी मय जाप्ते मौके पर मौजूद रहे। उनियारा थाना क्षेत्र के एएसआई रतन लाल मीणा ने बताया कि बूंदी जिले के नैनवां तहसील क्षेत्र के गंभीरा निवासी टीकाराम (28) पुत्र हनुमान मीणा का टोंक जिले के उनियारा थाना क्षेत्र में पलाई की ओर अटीला बालाजी के पास खेत है। उसके गांव और खेत में करीब डेढ़ दो किमी दूरी है। शुक्रवार को वह खेत पर आया था। जहां बालाजी के दर्शन कर फिर देर शाम करीब साढ़े सात बजे वह पैदल गांव लौट रहा था। इस दौरान रास्ते में गलवा बांध के भराव क्षेत्र में बहने वाली गलवा नदी के रपटे को पार कर रहा था। उसमें करीब दो फ़ीट पानी बह रहा है। इस दौरान वह पानी के तेज बहाव में बह गया। उसे बहते हुए रपटे के दूसरे छोर पर खड़े दो तीन युवकों ने देखा। युवकों ने टीकाराम के परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने वहां पहुंचकर अपने स्तर पर तलाशा, लेकिन वह नहीं मिला। फिर उनियारा पुलिस को सूचना दी।

# पटरी पर युवक का मिला शव, दो माह पूर्व हुई थी शादी,परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खण्डार क्षेत्र के बहरावण्डा कलां थाना इलाके के गोकलपुर गांव के एक 22 वर्षीय युवक का शव गत दिनों सांगानेर पुलिया के समीप (सवाईमाधोपुर पुलिया) पटरी पर मिला। पुलिस ने कॉल डिटेल आधार पर शुक्रवार को शव की शिनाख्त हुई। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों को महात्मा गांधी अस्पताल में पोस्टमार्टम करा दोपहर करीब दो शव परिजनों को सौंप दिया। उधर, सूचना के बाद गांव में परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मालपुरागेट थानाधिकारी मुनिन्दर सिंह के अनुसार मृतक नवल (22) पुत्र बनवारी जाट निवासी गोकलपुर है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब आठ बजे सूचना मिली थी कि सांगानेर पुलिया के पास कोई युवक ट्रेन के जयुपर से कोटा जाने वाली ट्रेन के सामने आने से कट गया। इस पर शव की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### मोबाइल सिम के हो गए थे टुकड़े

पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान मृतक के मोबाइल व सिम के कई टुकड़े हो गए थे। ऐसे में मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। जैसे तैसे कर शुक्रवार को सिम के टुकड़ों को जोडकर् अन्य में मोबाइल में लगाकर परिजनों से सपर्क कर जयपुर बुलाया। इस पर परिजनों ने मृतक की शिनात की।

### 4 जुलाई को गांव से साथ-साथ जयपुर गए थे दो भाई

मृतक के परिजनों ने बताया कि दोनों भाई जयपुर में पढ़ाई करते थे। वह कुछ दिन पहले गांव आए थे। 4 जुलाई को नवल व नरेश गांव से साथ जयपुर गए थे। ऐसे में उस दिन नवल की ट्रेन छूटने से वह



सवाईमाधोपुर रूक गया था। अगले दिन 5 को वह जयपुर चला गया। 6 जुलाई को वह कमरे से कुछ सामान लेने की कहकर निकल गया, जो वापस नहीं लौटा। उधर, नवल केनहीं मिलने पर परिजनों ने क्षिप्रापथ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

### क्षिप्रापथ से कैब से अकेला पहुंचा था सांगानेर

**पुलिस ने बताया कि मृतक की कॉल डिटेल के आधार पर वह 6 जुलाई को क्षिप्रापथ थाना इलाके से कैब किराए पर लेकर सांगानेर पहुंचा था। कैब संचालक ने बताया कि नवल किराए पर अकेला ही सांगानेर तक पहुंचा था। वहीं सांगानेर इलाके से पटरी तक जाते समय वह सीसीटीवी कैमरे में अकेला ही जाता दिखाई दे रहा है। पुलिस के अनुसार पटरी से पास से अंतिम बार उसने अपनी पत्नी से बात की थी। परिजनों ने बताया कि करीब दो माह पूर्व मई माह में प्रथम सप्ताह में ही नवल की शादी हुई थी। हादसे के बाद पत्नी, मां तथा दादी बार बार बेटे व पति को याद कर बेसुध हो रही है।**

# अधिकारियो ने किया पौधारोपण, पुस्तके भेंट कर किया अधिकारियो का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के दूदू रोड स्थित ग्रामीण बालिका छात्रावास परिसर में जाट सेवा समिति मालपुरा के तत्वाधान में सघन पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। जाट सेवा समिति के अध्यक्ष मोतीलाल कारवाल व मंत्री शिवजीराम चौधरी ने बताया कि शनिवार को कृषि मण्डी सचिव दिव्या जाट व जलदाय विभाग की सहायक अभियन्ता हंसा चौधरी छात्रावास स्थित समिति कार्यालय पहुंची। प्रथम बार समिति कार्यालय पहुंचने पर समिति की ओर से मौजुद अध्यक्ष, मंत्री ने दोनो अधिकारियो का अभिनन्दन किया। इस दौरान सरंक्षक रामकिशन भादू, एवं कवि आर.एल. दीपक द्वारा रचित अजेय भारत, प्रीत नवनीत, वनवासी अवधेश व मन कहता है पुस्तके भेंट की। समिति मंत्री ने दोनो महिला अधिकारियो को छात्रावास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि छात्रावास परिसर में बालिकाओ के अध्ययन के लिए लाईब्रेरी चल रही है एवं वर्तमान में छात्रावास में कुल 124 छात्राऐं निवास कर अध्ययन कर रही है। समिति की ओर से छात्रावास में रहकर अध्ययन करने वाली छात्राओं के अध्ययन, खेल, स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखती है। दोनो अधिकारियो ने समिति की ओर से मान सम्मान के प्रति आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में कृषि उपज मंडी सचिव व जलदाय विभाग की सहायक अभियन्ता ने समिति की ओर से छात्रावास परिसर में सघन पौधारोपण कार्यक्रम का पौधे लगाकर शुभारम्भ किया।

### विजयवर्गीय समाज द्वारा आज किया जाएगा पौधारोपण

विजयवर्गीय समाज स्थानीय सभा अध्यक्ष हनुमान प्रसाद राजपुरा वाले एवं महामंत्री कैलाशचन्द विजयवर्गीय अजमेरी वालो ने संयुक्त रूप से बताया कि राज्य सरकार के वंदे गंगा जल सरंक्षण अभियान के अन्तर्गत रविवार को प्रातः 9 बजे विजयवर्गीय सेवा सदन में अखिल भारतीय विजयवर्गीय महासभा के आव्हान पर समाज की महिला मंडल के सहयोग के सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पौधे लगाए जाएगें।

# 9वीं कावड़ यात्रा की तैयारिया शुरू, 15 जुलाई तक होगा पंजीयन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** श्री शिव कावड़ यात्रा समिति मालपुरा के तत्वावधान में 20 व 21 जुलाई को निकाले जाने वाली 9वीं कावड़ यात्रा की तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई है। संयोजक विकास शर्मा ने बताया कि समिति के तत्वावधान में इस बार 20 जुलाई को सुबह 8 बजे नवीन मण्डी स्थित श्री केदारनाथ मन्दिर से कावड़िये बसो रवाना होकर बीसलपुर पहुंचेगें। जहां स्थित श्री गौणकेश्वर महादेव मन्दिर से पूजा अर्चना के बाद दोपहर में यात्रा शुरू होगी। कावड़िये इस दिन रात्रि विश्राम मोर में करने के बाद इसके अगले दिन 21 जुलाई को सायंकाल के समय मालपुरा पहुंच कर कृषि उपज मण्डी स्थित शिवालय में जलाभिषेक किया जाएगा। संयोजक शर्मा ने बताया कि वर्तमान में शहर व ग्रामीण क्षैत्रो में कावड़ यात्रा में शामिल होने के इच्छुक कावड़ियो का पंजीयन चल रहा है। पंजीयन की सभी डायरिया 15 जुलाई को शाम 6 बजे तक कावड़ यात्रा के कावड़ियो का पंजीयन होगा। इस तिथि के बाद पंजीयन कार्य पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा। क्योंकि जिन कावड़ियो का पंजीयन हो जाएगा उन सभी कावड़ियो के लिए इसके अगले दिन 16 जुलाई को पुष्कर से कावड़ीयो की पौशाक मंगवाई जाएगी।

## निरंजन लाल गुप्ता की स्मृति में 140 विद्यार्थियों को स्कूल बैग भेट

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** स्थानीय सेठो की हवेली निवासी निरंजन लाल गुप्ता की स्मृति में भारत विकास परिषद के 63 वें स्थापना दिवस पर राजकीय विद्यालय में अध्यनरत 140 छात्र-छात्राओं को स्कूल बेग भेट किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसारनिरंजन सेवा, नई दिल्ली के सहयोग से कस्बे की सेठो की हवेली निवासी निरंजनलाल गुप्ता पुत्र मनोहरलाल की स्मृति में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक अध्ययनरत 140 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल ने शाखा की ओर से कस्बे में किए जा रहे जनहित कार्यो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गत सत्र में कस्बे के 201 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए थे और इस सत्र में 351 जरूरतमंद विद्यार्थीओ को स्कूल बैग वितरित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षाविद मदनमोहन शर्मा, राजेश कुमार व कपिल शर्मा ने शाखा का आभार व्यक्त करते हुए शाखा के इस पुनीत कार्य की भरपूर प्रशंसा की।

## चातुर्मास मंगल कलश स्थापना आज

**मालपुरा ( नि.स. )।** उपखण्ड के डिग्गी स्थित अग्रवाल सेवा सदन में अग्रवाल समाज चौरासी के तत्वावधान में आचार्य श्री इन्द्रनंदी जी महाराज के पावन सनिध्य में आयोजित चार्तुमास के लिए मंगल कलश की स्थापना रविवार 13 जुलाई होगी। अग्रवाल समाज चौरासी अध्यक्ष अनिल सुराशाही ने बताया कि अग्रवाल सेवा सदन में रविवार को प्रतिष्ठाचार्य मनोज जैन बागरोहीकी देखरेख में चातुर्मास मंगल स्थापना की सभी धार्मिक क्रियाऐं पूर्ण होगी। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री का अग्रवाल सेवा सदन में मंगल प्रवेश सुबह 8 बजे होगा एवं दोपहर 1 बजे मंगलाचरण के बाद मंगल कलश की स्थापना होगी।

# स्काउटिंग-गाइडिंग से सेवा, अनुशासन एवं स्वावलंबन की भावना विकसित होती है : हरकेश

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक स्काउट वन, आवासन मंडल सवाई माधोपुर परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर हरकेश मीना, उप निदेशक समसा कालूराम बैरवा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त भरतपुर मंडल गिरिराज प्रसाद गर्ग तथा कमिश्नर रेंजर मनीषा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सी.ओ. गाइड दिव्या ने गत बैठक का कार्यवृत्त एवं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य रविंद्र चर्वदा ने आय–व्यय का बजट प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी हरकेश मीना ने कहा कि स्काउटिंग–गाइडिंग के माध्यम से बालक–बालिकाओं में सेवा, अनुशासन एवं स्वावलंबन की भावना विकसित होती है। जिला कमिश्नर (कब) कालूराम बैरवा ने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग जीवन में सेवा, समर्पण और सहनशीलता का भाव सीखाती है। सहायक राज्य संगठन आयुक्त गिरिराज प्रसाद गर्ग ने राष्ट्रीय जम्बूरी (उत्तर प्रदेश) में सहभागिता, स्काउटिंग/गाइडिंग ट्रेनिंग काउंसलर्स और ट्रेनर्स की दक्षता वृद्धि तथा पर्यावरण शिक्षा व गतिविधियों के सुदृढ़ संचालन पर विशेष बल दिया। हरियालो राजस्थान वन महोत्सव के तहत स्काउट वन में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कमिश्नर रेंजर मनीषा शर्मा ने रोवरिंग एवं रेंजरिंग को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर जोर दिया। सभा में स्काउट सचिव महेशसेजवाल, ट्रेनर्स एवं ट्रेनिंग काउंसलर्स जुगराज बैरवा, भूवनेश बाबू शर्मा, भगवान सिंह भंडारी, रामजी लाल बैरवा, शशिभूषण शर्मा, दिनेश चंद सिहल, उमाशंकर शर्मा, रामचरण पंवार, सुरेश चंद शर्मा, लक्ष्मी मीना एवं मंजू महावर ने सहभागिता करते हुए कब, बुलबुल, स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर की योग्यता वृद्धि तथा राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों में भागीदारी की जानकारी साझा की। इस अवसर पर महेश चंद पहाड़िया, विजय लक्ष्मी, रामजी लाल योगी एवं अशोक कुमार ने स्काउट–गाइड कार्यक्रमों, समाज सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।

# कार चोरी का सह आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा पुलिस वृत की पचेवर पुलिस ने थाना क्षैत्र के कुरथल गांव से हुई ब्रेजा कार चोरी मामले के सह आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान व अतिरिक्त पुलिस मालपुरा मोटाराम बेनीवाल के निर्देशानुसार कुरथल ग्राम में हुई ब्रेजा कार चोरी के अन्य आरोपीतो की शीध्र गिरफ्तारी के लिए वृताधिकारी आशिष प्रजापत के निर्देशन में एवं मन थानाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया गया। इस दल में उनके अलावा सहायक उप निरीक्षक गोपाल लाल, कांस्टेबल धारासिंह, लक्ष्मण व जितेन्द्र को रखा गया। घटना का ब्यौरा देते हुए थानाधिकारी पचेवर ने बताया कि 18 अप्रैल को कुरथल निवासी धनश्याम सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उसके बाड़े में खड़ी एक ब्रेजा कार के चोरी होने की रिपोर्ट दी गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद इस मामलें के मुख्य दो आरोपितो आशिष व अंकिंत को गिरफ्तार किया गया। जिसमें अंकिंत को नीम का थाना हाईवे पर चोरी की ब्रेजा कार के साथ पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था। इन दोनो से पूछताछ के बाद इस मामलेके सह आरोपी शक्तिसिंह मूल सिंह निवासी कुरथल को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया।

# माय भारत वॉलयंटर्स ने मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

बढ़ता राजस्थान




**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** माय भारत केंद्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस कार्यक्रम का आयोजन आलनपुर रोड स्थित रणथंबोर डिफेंस एकेडमी में किया गया। माय भारत वॉलिंटियर्स राजेश गुर्जर ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चिकित्सा अधिकारी गिर्राज शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। गिर्राज शर्मा ने विश्व जनसंख्या के बारे मे बताया कि दुनिया भर में 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि के बारे में लोगों को जागरूक करना और इससे निपटने की तत्परता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रजत भारद्वाज ने बताया कि जनसंख्या वृद्धि एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसपर दुनिया द्वारा तुरंत ठोस कदम उठाना चाहिए ।निरंतर जनसंख्या विस्फोट दुनिया के विकास के लिए बहुत बड़ी दुविधा है। विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें प्रथम स्थान शिवराज गुर्जर , दूसरा स्थान विकास गुर्जर ने प्राप्त किया विजेताओं को टि–शर्ट , प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि माय भारत वालंटियर मानसिंह छावडी राजेश डोई रईथा, ऋषिकेश गुर्जर ट्रेनर आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के तत्वावधान में रविवार 13 जुलाई को प्रातः 10 बजे सुभाष सर्किल पर स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक जयपुर की मोबाइल वेन के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर संयोजक नरेश काबरा एवं राजेश पारीक ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक जयपुर की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया जाएगा। क्लब अध्यक्ष महेश गुप्ता ने बताया कि मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के हर जरूरतमंद को क्लब की ओर से आवश्यकता होने पर ब्लड उपलब्ध कराया जाकर पीड़ित मानव की सेवा कर अपना फर्ज पूर्ण करता आ रहा है। खून के अभाव में किसी भी जरूरतमंद रोगी की अकाल मृत्यु नहीं हो अथवा किसी परिवार को खून की आवश्यकता होने पर खून नहीं मिलने की पीड़ा न हो इसी उद्धेश्य को लेकर ब्लक द्वारा समय समय पर रक्त दान शिविरो का आयोजन करता आ रहा है।

## छात्र संसद के चुनाव 19 जुलाई को

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** सदरपुरा रोड स्थित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल के छात्र संसद के चुनाव 19 जुलाई शनिवार को सम्पन्न कराए जाएगें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं प्रधानाचार्य हंसराज जाट ने बताया कि विद्यार्थियों को लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया का ज्ञान देने एवं शाला प्रबन्धन में छात्र संसद के प्रतिनिधियो की भागीदारी सुनिश्चितता करने के उद्धेश्य से हर वर्ष छात्र संसद के चुनाव कराए जाते हैं। शाला चुनाव पर्यवक्षक भंवर सिंह खंगारोत एवं शिक्षक अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि छात्र संसद के चुनाव पूर्ण रूप से लोकतान्त्रिक तरीके सम्पन्न कराए जाएगें। उन्होंने बताया कि चुनावो को लेकर प्रचार प्रसार भी होगा, चुनाव दलो का गठन भी किया जाकर निर्भिक एवं निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया से छात्र संसद के चुनाव कराए जाएगें।

# हम्मीर ब्रिज विस्तारीकरण कार्य का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को समन्वय से कार्य शीघ्र पूर्ण करें : कानाराम

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर काना राम ने हम्मीर ब्रिज के चौड़ाईकरण एवं विस्तारीकरण कार्य का निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को गति देने एवं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को ट्रैफिक जाम से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शहर की यातायात समस्या के स्थायी समाधान हेतु हम्मीर ब्रिज के विस्तारीकरण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हम्मीर आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज) के अस्थायी फाउंडेशन कार्य में तेजी लाने एवं रेलवे विभाग के समन्वय से बो स्ट्रिंग गर्डर ( रेलवे मुख्य स्पान) लॉन्चिंग शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिंक पैलेस साइड के रोड पर सिविल लाइन को स्थानांतरित कर चौड़ाईकरण कार्य शीघ्र शुरू करने की बात कही। कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ब्रिज पर बने गड्ढों को तत्काल भरा जाए ताकि वर्षा ऋतु में राहगीरों को किसी भी प्रकार की दुर्घटना का सामना न करना पड़े। उन्होंने एनएचएआई, नगर परिषद, रेलवे व सार्वजनिक निर्माण विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सितंबर 2025 तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कार्य में आ रही बाधाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने संरचनाओं के हटाने, रेलवे अनुमोदन व अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने लालसोट साइड एवं टोंक साइड रैंप कार्य में तेजी लाने और रेलवे ट्रैक के दोनों ओर सुरक्षा मानकों के अनुरूप स्टेजिंग कार्य सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही निर्माण स्थल पर आ रही सीवरेज लाइनों को स्थानांतरित कर बाधा मुक्त कार्य संपादन के निर्देश दिए। इस दौरान एनएचएआई के अधिशासी अभियंता वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि रेलवे सहित सभी आवश्यक विभागों से प्रशासनिक स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी हैं। होटल पिंक पैलेस एवं अन्य मुआवजा प्राप्त संरचनाओं का डिस्मेंटल कार्य प्रगति पर है और चौड़ाईकरण तेजी से चल रहा है।

## अध्यापकों की कमी से टीसी ले जा रहे हैं अभिभावक


# एक महिला शिक्षिका के भरोसे चला रहा है स्कूल, बच्चों की पढ़ाई चौपट

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** पंचायत समिति के समीपवर्ती अलेई ग्राम पंचायत में स्थित राजकीय संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर एक महिला शिक्षिका के भरोसे चल रहा है। विद्यालय में 31 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं , जिनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। नवीन शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है। जहां शिक्षा विभाग ने राजकीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम चला रखा है वहीं दूसरी ओर नारायणपुर गांव का संस्कृत विद्यालय अध्यापकों की कमी से जूझ रहा है। विद्यालय में शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यदि विद्यालय में अध्यापकों की कमी दूर नहीं की जाती है तो उनको मजबूरन अपने बच्चों की टीसी कटवाकर अन्य विद्यालय में प्रवेश करवाना पड़ेगा। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि स्कूल में शिक्षक नहीं होने के कारण स्कूल में पढ़ाई नहीं होती है। सिर्फ टाइमपास होता है। ग्रामीणों ने बताया कि 1 से 8 तक का स्कूल एक शिक्षक के भरोसे कैसे संचालित हो सकता है। वही महिलाओं द्वारा बताया गया कि पैसे वाले लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल भेज देते हैं। लेकिन जो गरीब परिवार से हैं वह अपने बच्चों को सरकारी स्कूल भेजते हैं। लेकिन ऐसे में अगर सरकारी स्कूल में भी अच्छी शिक्षा नहीं मिले तो वह अपने बच्चों को कहां पढ़ाएंगे।

### संभागीय आयुक्त ने नहीं उठाया फोन

**विद्यालय में अध्यापकों की कमी के संदर्भ में जब हमने बात करने की कोशिश की तो उन्होंने शाला दर्पण पर दिखवाने की बात कही, उसके बाद उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।**



### इनका कहना

रासंउप्रावि नारायणपुर में एकल शिक्षिका हूं। जिसके कारण विद्यालय संचालन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अध्यापक नहीं होने के कारण अभिभावक बच्चों की टीसी लेने के लिए आ रहे हैं। विगत दस वर्षों से विद्यालय में 2 से 3 अध्यापक ही कार्यरत रहे हैं। जिसके कारण नामांकन पर बहुत प्रभाव पड़ रहा है।

**– रेखा जैन, कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका, रासंउप्रावि नारायणपुर**

–विद्यालय में नामांकन कम होने के कारण अध्यापक नहीं लगायें गये। शाला दर्पण पर चैक करवाता हूं।

**–गोपाल लाल जाट, संभागीय आयुक्त, संस्कृत शिक्षा विभाग**

### पढ़ाई पर भी पड़ रहा असर

विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है। स्कूल में गणित व अंग्रेजी का शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इससे विद्यालय में कोर्स पूरा करना भी मुश्किल हो रहा है। एक शिक्षक होने के कारण अन्य विभागीय कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। कार्यवाहक प्रधानाध्यापिका रेखा जैन ने बताया कि एकल शिक्षिका होने के कारण ना तो विभागीय कार्य संभव नहीं हो पा रहे हैं ना ही विद्यालय में बच्चों का अध्यापन हो पा रहा है। यहां 10 साल पहले नामांकन 70 से अधिक था लेकिन अध्यापक नहीं होने के कारण बच्चे टीसी ले जा रहे हैं।

## 5 गुणा रकम करने का झाँसा देकर मनोरंजन बैंक के नम्बरों के नोटो से ठगी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला एसपी संजीव नैन के निर्देश पर टीम द्वारा लगातार साईबर फ्राड के मामलों पर अंकुश की लगातार कार्रवाही की जा रही हैं। इसी संदर्भ थाना वैशाली नगर पुलिस टीम ने 5 गुणा रकम करने का झाँसा देकर मनोरंजन बैंक के नम्बरों के नोटो से ठगी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। संजीन नैन पुलिस अधीक्षक जिला अलवर ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री डॉ. तेजपाल सिंह अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला अलवर के निर्देशन मे अंगद शर्मा वृत्ताधिकारी वृत्त उत्तर शहर अलवर के निकटतम सुपरविजन मे गुरुदत्त सैनी थानाधिकारी पुलिस थाना वैशाली नगर जिला अलवर के नेतृत्व मे प्रकरण के अनुसंधान के दौरान कार्यवाही करते हुए 5 गुणा रकम करने का झाँसा देकर मनोरंजन बैंक के नम्बरों के नोटों से ठगी करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया व आरोपियों के कब्जे से लगभग 1 करोड के मनोरंजन बैंक के नम्बरो के नोट बरामद किये गये है। प्रकरण मे अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार मुलजिमः– 1. प्रकाश चन्द पुत्र रुपचन्द जाति जाटव उम्र 35 साल निवसी नई बस्ती देहली रोड दिवाकरी पुलिस थाना वैशाली नगर जिला अलवर 2. नवीन कुमार पुत्र प्यारेलाल जाति जाटव उम्र 24 साल निवासी ग्राम भनोखर थाना बहतुकला जिला अलवर हाल कैमाला पुलिस थाना वैशाली नगर जिला अलवर 3. जमशेद उर्फ जम्मा पुत्र मोहमदा जाति मेव उम्र 43 साल निवासी तेसती थाना सीकरी जिला डीग को गिरफ्तार किया है।

## पेड़ हमें जीवन देते हैं इनकी सुरक्षा की हम सबकी जिम्मेदारी : शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के गाँव राजपुरा सिख के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में राज्य सरकार द्वारा संचालित एक पौधा वृद्ध माँ के नाम योजनान्तर्गत 300पौधे लगाए गए। इस मौके पर बोलते हुए संस्था प्रधान महेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि पेड़ हमें जीवन देते हैं इनकी सुरक्षा की हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने वृक्षों के महत्व को विद्यार्थियों और ग्रामीणों को बताया। इस अवसर पर एसएमसी के सदस्यों ने भी बढ़ –चढ़कर हिस्सा लिया और एक पौधा वृद्ध माता के नाम लगाया तथा उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी ली।इस मौके पर सेवानिवृत सहायक उप निरीक्षक सेडूराम शर्मा, दयाराम यादव, राजेश बागड़ा, हीरालाल शर्मा, कालूराम यादव, दलीप जाट, रामनिवास गुर्जर, भींवाराम रैगर, अनीता सैनी, रीना शर्मा, आदित्य शर्मा सहित विद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## लायंस क्लब किंग्स व राजकीय महात्मा गांधी स्कूल ने कंहोड़ा हनुमान मंदिर परिसर में 51 छायादार पौधे लगाए

### पौधों की सार संभाल की पूरी जिम्मेदारी लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स ने ली

बढ़ता राजस्थान




**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स एवं राजकीय महात्मा गांधी स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को कॉलेज के सामने कंहोड़ा हनुमान मंदिर में 51छायादार पौधे लगाए गए द्य जिनकी सार संभाल की जिम्मेदारी लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स के द्वारा ली गई द्यइस अवसर पर महात्मा गांधी स्कूल प्रिंसिपल महिपाल यादव ने संदेश देते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का अहम हिस्सा है पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए संकल्प दिलाया द्यइस शानदार कार्यक्रम के संयोजक संदीप अग्रवाल रहे । इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष एमजेएफ दिनेश अग्रवाल चार्टर अध्यक्ष राकेश रोहिल्ला कोषाध्यक्ष प्रवीण सैनी मुकेश यादव प्यारेलाल सैनी राकेश अग्रवाल राकेश गोयल मनोज अग्रवाल अध्यापक अभय सिंह यादव रामविलास धर्मपाल पीटीआई मेहुल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे ।

## मुनीम से लूट के विरोध में खैरथल कृषि मंडी अनिश्चितकाल के लिए बंद

### व्यापारियों का ऐलान : जब तक लुटेरे नहीं पकड़े जाएंगे, मंडी नहीं खुलेगी

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल (नि.स.)।** खैरथल कृषि उपज मंडी में पांच दिन पहले हुई ढाई लाख की लूट ने व्यापारियों में गहरा आक्रोश भर दिया है। सोमवार को मंडी में एक मुनीम से नकाबपोश लुटेरों ने दिनदहाड़े रकम लूट ली थी। लेकिन घटना के इतने दिन बाद भी पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है, न तो कोई गिरफ्तारी हुई है, न ही लूटी गई रकम का कोई सुराग। इससे नाराज व्यापार समिति अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता ने व्यापारियों की सर्वसम्मति से निर्णय लेकर शुक्रवार, 11 जुलाई से मंडी को अनिश्चितकाल के लिए बंद रखने का फैसला लिया गया।व्यापारियों ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक लुटेरों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक मंडी में कोई कारोबार नहीं होगा।

### अब डर के साए में कारोबार नहीं करेंगे

व्यापारियों ने कहा कि यह घटना मंडी की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है। घटना के बाद से व्यापारी डरे हुए हैं और मंडी में असुरक्षा का माहौल बन गया है।

### व्यापारियों की प्रमुख मांगें

**–मंडी क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए**
**–सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त और सक्रिय किए जाएं**
**–स्थायी पुलिस चौकी की स्थापना की जाए**

सर्वेश गुप्ता ने कहा कि मंडी व्यापारियों की मेहनत से चलती है, लेकिन अगर सुरक्षा ही नहीं होगी तो कारोबार कैसे होगा? पुलिस प्रशासन को अब जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए, वरना आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खेडली पुलिस की शानदार कार्रवाही : बहुचर्चित बीरू हत्या काण्ड में फरार ईनामी 25,000 व 5,000 रुपये के 02 आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** खेडली पुलिस ने बहुचर्चित बीरू हत्या काण्ड में फरार ईनामी 25,000 व 5,000 रुपये के 02 आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में एक बदमाश चेतन पुत्र कैलाश सिंह जाति राजपूत उम्र 21 साल निवासी समूची थाना खेरली जिला अलवर (ईनामी 25,000 रुपये) दूसरा बदमाश नवीन पुत्र चेतराम जाति जाटव उम्र 27साल निवासी रेटा थाना कठमूर जिला अलवर (ईनामी 5,000 रुपये)निवासी है।

## बिना मात्रा को शहर अलवर (पार्ट-3)

बढ़ता राजस्थान

राम राम भायलाओं बिना मात्रा को शहर अलवर का या तीसरा एपीसोड में आपको स्वागत हो रहयो है। या शहर को जितनो गुणगान करू कम ही है। एक यहीं ऐसो शहर नजर आवे मोकू कि ओर जिगह पाणी कू लेर जाम गर्मी में लगे यहां सर्दी और बरसातन में भी लोग पाणी की खातिर जलदाय विभाग का धक्का खाता दिख जावें। चम्बल को पाणी आऐगो या मैं सन 2008 से सुनतों आ रहयो हूं अब नयो पैतरो वा नाम ही ईसो रख्यो है कि हर कोई सू मुडेगों भी नाय ई आर सी पी बल्ये कोई, अब याको नाटक चाल रहयो है। शहर भर में बारिश के बाद नदी तलाव सा हाल हो जावें लेकिन या नाय कि कोई वाटर हारवेस्टिंग करवा दे। बस नेतान कू देखों तो वे भी मंच पे हर बार नयो नाटक और अधिकारी तो यहां नेतान का गुरू हैं। हां अधिकारीन की एक बात ओर याद दिला दी मोकू वा भी बतातो चलूं.. पूरा राजस्थान की गारन्टी लूं भायलाओं ऐसो शहर दूजों होएगो नाय यहां अधिकारीन को देख लो लौट लौटर यहीं आ जावें क्योंकि ये भी जाणे कि इतरी बेवकूफ और बावली जनता और कहां मिलेगी। जनसमस्याने में जावें और नेताजी के गला में माल्या घाल आवें अपनी परेशानी से ज्यादा नेतान की चापलूसी की चिंता रखें ताकि ओरन कू बता सकें कि भाई देख ले तेरा भाई की पकड़ खहान तक हैंगी..खैर बाकि चौथे पार्ट में......



**रूपक शर्मा**
**वरिष्ठ पत्रकार**

## भिवाड़ी में खेतों से दो ट्रांसफार्मर चोरीःकॉइल और ऑयल लेकर हुए फरार, डिस्कॉम को 1.11 लाख का नुकसान

**भिवाड़ी (नि.स.)।** भिवाड़ी के मिलकपुर और खिजुरिवास गांव में खेतों में लगे दो बिजली ट्रांसफार्मरों की चोरी हो गई। यह घटना 11 जुलाई को सुबह सूर्योदय से पहले हुई। इससे निगम को 1 लाख से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। इसको लेकर जयपुर डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता विकास डोरिया ने भिवाड़ी थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। शुक्रवार शाम को दर्ज करवाई गई स्नद्बक्र में बताया कि अज्ञात चोरों ने दो ट्रांसफार्मरों से कॉइल (वाइंडिंग) और ट्रांसफॉर्मर ऑयल चुरा लिया। उनमें से एक 16 केवीए का ट्रांसफॉर्मर सैनिक फार्महाउस के समीप म मिलकपुर से चोरी हुआ है। इसकी कीमत 61,231.75 रुपए बताई गई है। दूसरा ट्रांसफॉर्मर 10 केवीए सिंगल फेज का खिजुरिवास से चोरी हुआ है जिसकी कीमत 49,993.38 रुपए बताई गई है। विकास डोरिया ने बताया कि इस चोरी से जयपुर डिस्कॉम को कुल 1,11,225.13 रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने भिवाड़ी थाने में मामला दर्ज करवाते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले की जांच सब–इंस्पेक्टर पुनित को सौंपी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ–साथ संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

## कीरों की ढाणी का प्रमुख स्थानों से कटा सम्पर्क : दायमा

### ग्रामीण महिलाओं का कहना है चाहे अनाज मत दो पर सड़क बना दो

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र की नारायणपुर नगरपालिका क्षेत्र की भैरू बाबा वाली कीरों की ढाणी का संपर्क अन्य स्थानों से कटा। कांग्रेस के युवा नेता राकेश दायमा ने कहा कि इस रास्ते को लेकर ग्रामीण नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी से मिल चुके हैं पर 15दिन से इनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने बताया कि विधायक देवीसिंह शेखावत का आवास भी एक किलोमीटर है पर इनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही।उन्होंने बताया कि इस रास्ते पर प्रशासन ने चेतावनी का बोर्ड भी नहीं लगाया है जिससे दुर्घटना घटने की सम्भावना नहीं हो।

वहीं ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि तीन दिन पूर्व एक महिला को डिलीवरी हुई थी जिसे भी पद्दी और चारपाई में डालकर अस्पताल में ले गए थे तथा चारपाई में ही डाल कर लाए थे। अब और डिलीवरी होने वाली हैं उनको भी क्या ऐसे ही लेजाना पड़ेगा। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। दोपहिया या अन्य कोई वाहन भी आ –जा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि चाहे हमें सरकार अनाज नहीं पर सड़क बनवा दे जिससे कहीं भी आने जाने की सुविधा हो सके। लेकिन हमारी कोई नहीं सुन रहा!वहीं अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव ने बताया कि यह मामला हमारे संज्ञान में नहीं आया था!अब जानकारी में आया है जल्दी ही ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाएगा।उधर विधायक देवीसिंह शेखावत से दूरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि मेरी जानकारी में नहीं आया था मैं अभी उपखण्ड अधिकारी और अधिशाषी अधिकारी को बोलता हूँ। ग्रामीणों की परेशानी में स्वयं व्यक्तिगत परेशानी है इसका समाधान करवाया जाएगा।

# नाबार्ड स्थापना दिवस पर बानसूर में 51 पौधों का किया वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत होलावास में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के 44वें स्थापना दिवस पर ग्रामीण भारत की आवाज़ थीम के तहत युवा जागृति संस्थान द्वारा बीलाठ (होलावास) स्थित अपने एग्रो रिसर्च एंड ऑर्गेनिक फार्म एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर में 51 औषधीय, फलदार और छायादार पौधों का वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पर स्थानीय किसान, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, युवा, स्वयंसेवक और ग्रामीणजन सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में संस्थान के सीईओ डॉ. गोकुलचंद सैनी ने पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण नवाचार और सामूहिक प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला।

### मुख्य आकर्षण

51 पौधों का सामूहिक पौधारोपण–महिला समूहों द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी जैविक खेती, एफपीओ और नाबार्ड योजनाओं पर संवाद सत्र डॉ. सैनी ने कहा, नाबार्ड ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ–साथ जैविक खेती, महिला सशक्तिकरण और नवाचार को भी बढ़ावा दे रहा है। इस अवसर पर होलावास ग्राम पंचायत के सरपंच सतपाल चौधरी ने कहा, इस प्रकार के आयोजन हमारे गाँवों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक भागीदारी को प्रेरित करने में अत्यंत प्रभावी हैं। हमें गर्व है कि हमारे क्षेत्र में यह पहल हुई है। यह आयोजन केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि हरियाली, आत्मनिर्भरता और सामूहिक चेतना का प्रतीक बन गया है।



## कोचिंग सेंटर अब 'पोचिंग सेंटर' बन गए हैं

# अब संप्रभुता पर हमला सेनाओं से नहीं, विदेशी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भरता से होगा : उपराष्ट्रपति जगदीप

### कोचिंग संस्थान अपने बुनियादी ढांचे का उपयोग कौशल केंद्रों में रूपांतरण के लिए करें

### उपराष्ट्रपति ने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कोटा के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित किया




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा, कोचिंग सेंटर अब 'पोचिंग सेंटर' बन चुके हैं। ये सुदृढ़ सांचों में प्रतिभा को जकड़ने वाले काले छिद्र बन गए हैं। कोचिंग सेंटर अनियंत्रित रूप से फैल रहे हैं, जो हमारे युवाओं के लिए, जो कि हमारे भविष्य हैं–एक गंभीर संकट बनता जा रहा है। हमें इस चिंताजनक बुराई से निपटना ही होगा। हम अपनी शिक्षा को इस तरह कलंकित और दूषित नहीं होने दे सकते। धनखड़ ने आगे कहा, अब देश किसी सैन्य आक्रमण से नहीं, बल्कि विदेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे पर निर्भरता से कमजोर और पराधीन होंगे। सेनाएं अब एल्गोरिद्म में बदल गई हैं। संप्रभुता की रक्षा का संघर्ष अब तकनीकी स्तर पर लड़ा जाएगा। उपराष्ट्रपति ने तकनीकी नेतृत्व को नई राष्ट्रभक्ति का आधार बताते हुए कहा, हम एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं– एक नए राष्ट्रवाद के युग में। तकनीकी नेतृत्व अब देशभक्ति की नई सीमा रेखा है। हमें तकनीकी नेतृत्व में वैश्विक अगुवा बनना होगा। धनखड़ ने रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आयात–निर्भरता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, यदि हम रक्षा के क्षेत्र में बाहर से तकनीकी उपकरण प्राप्त करते हैं, तो वह देश हमें ठहराव की स्थिति में ला सकता है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ,कोटा, राजस्थान के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री धनखड़ ने कहा, हम गुरुकुल की बात कैसे न करें? हमारे संविधान की 22 दृश्य–प्रतिमाओं में एक गुरुकुल की छवि भी है। हम सदैव ज्ञानदान में विश्वास रखते आए हैं। कोचिंग सेंटर को अपने ढांचे का उपयोग कौशल केंद्रों में परिवर्तित करने के लिए करना चाहिए। मैं नागरिक समाज और जनप्रतिनिधियों से आग्रह करता हूं कि इस समस्या की गंभीरता को समझें और शिक्षा में पुनर्संयम लाने हेतु एकजुट हों। हमें कौशल आधारित कोचिंग की आवश्यकता है। धनखड़ ने अंकों की होड़ के दुष्परिणामों पर चेताते हुए कहा, पूर्णांक और मानकीकरण के प्रति जुनून ने जिज्ञासा को खत्म कर दिया है, जो कि मानव बुद्धिमत्ता का एक स्वाभाविक अंग है। सीटें सीमित हैं लेकिन कोचिंग सेंटर हर जगह फैले हुए हैं। वे वर्षों तक छात्रों के मन को एक ही ढर्रे में ढालते हैं, जिससे उनकी सोचने की शक्ति अवरुद्ध हो जाती है। इससे कई मनोवैज्ञानिक समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### महात्मा बुद्ध के विचारों से युवाओं को किया प्रेरित- ''अप्प दीपो भव:''

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, कोटा के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि जीवन की एक नई शुरुआत है। यह वह पड़ाव है जहां से युवा अपने ज्ञान, विचार और दृष्टिकोण से समाज और देश के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारत ने विश्व को ऐसे कई इंजीनियर दिए हैं जिन्होंने वैश्विक मंच पर देश का नाम रोशन किया है। कोटा को उन्होंने 'औद्योगिक और शैक्षिक नगरी' की उपाधि देते हुए कहा कि यह शहर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। समारोह में कुल 189 डिग्रियां प्रदान की गईं। जिनमें से कम्प्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग (सीएसई) में 123 बीटेक डिग्री, इलेक्ट्रोनिक्स और कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) में 62 बी टेक डिग्री व आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डेटा इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता के साथ सीएसई में 4 एम टेक डिग्री प्रदान की गईं। वहीं शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए अंकुर अग्रवाल (सीएसई) व ध्रुव गुप्ता (ईसीई) को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) ए.के. भट्ट, निदेशक प्रो. एन.पी. पाढ़ी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, जिला कलक्टर पीयूष समारिया, पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन, आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान सहित संस्थान की फैकल्टी, छात्र–छात्राएं एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया 15 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** विधायक हरिमोहन शर्मा ने तालेड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बाजड में विधायक कोष से स्वीकृत 15 लाख रुपए की राशि के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में विधायक हरिमोहन शर्मा एवं पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा सहित अतिथियों का सरपंच नाथूलाल बेरवा के द्वारा माला को साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। कार्यक्रम में शर्मा ने कहा कि बूंदी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहेगी, विधानसभा चुनाव के दौरान जनता किए हुए वादों को पूरा किया। भविष्य में भी आवश्यकता अनुसार निर्माण कार्य करवाए जाएंगे। विधायक कोष की राशि जनता की है और जनता के लिए समर्पित है। बाजड पचायत ऐसी पचायत है जहाँ सबसे अधिक विधायक कोष की राशि विभिन्न विकास कार्य के लिए स्वीकृत की गई! कार्यक्रम के दौरान बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने जनसमस्या सुनी और समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं सत्येश शर्मा ने कहा कि आज बाजड पंचायत में 15 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ इसके लिए तो सभी ग्राम वासियों को बधाई। आगे भी आवश्यकता अनुसार ग्राम वासियों की समस्या समाधान हेतु नये विकास कार्य करवाए जाएंगे। पूर्ववर्ती सरकार में बाजड में पचायते अनेक बड़े विकास कार्य हुए हैं जिसमें प्रमुख काकड़ के बालाजी की सडक। साथ ही जनता के हर दुख दर्द में हम साथ खड़े हुए हैं। मैन रोड से बद्रीलाल के मकान तक सीसी निर्माण कार्य 5 लाख रुपये ,राउप्रावि विद्यालय छपावदा में टीन शेड निर्माण कार्य 5 लाख रुपये, ग्राम छपावदा में बस स्टैंड से ठाकुर जी की ओर सीसी इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य 5 लाख रुपये लोकार्पण कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौड़, मंडल अध्यक्ष इमरान देशवाली, बृज सुन्दर शर्मा, सरपंच नाथूलाल बेरवा, शहबाज़ पठान, गफ्फार भाई, पूर्व सरपंच रामलाल, छितरलाल सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# यंग इंडियंस की शिक्षा और सामाजिक सेवा रहेगी प्राथमिकता




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** भारतीय युवा नेतृत्व संगठन यंग इंडियंस के कोटा चैप्टर को वर्ष 2025 के लिए नई कार्यकारिणी मिल गई है। राष्ट्रीय कमेटी की अनुशंसा और भूतपूर्व चेयरमैन सौरभ शौरी, भुवन गौड़, अभिन्नद सेठी एवं चिराग जैन के सुझावों पर साक्षी जैन को चेयरपर्सन तथा अंकित राठी को को–चेयर के रूप में नियुक्त किया गया है।यंग इंडियंस, भारतीय उद्योग परिसंघ की एक पहल है, जो देशभर में युवाओं को सामाजिक, आर्थिक और नेतृत्व कौशल में सशक्त बनाने के लिए कार्यरत है।

### नई सोच, नया विज़न

नवनियुक्त चेयरपर्सन ने शिक्षा क्षेत्र में नवाचार एवं प्रभावी पहल करने का संकल्प लिया जिसमें शहरी ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण जोर रहेगा हमारा उद्देश्य है कि जरूरतमंद बच्चों को न केवल शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, बल्कि उन्हें जीवन कौशल में भी दक्ष बनाया जाए।

### 12 डायरेक्टर्स की टीम, बहुआयामी कार्यक्षेत्र

साक्षी जैन ने बताया कि वर्ष 2025 के लिए 12 डायरेक्टर्स की टीम गठित की गई है जो सामाजिक विकास के विविध आयामों पर कार्य करेगी। टीम के कार्यक्षेत्रों में शिक्षा, ग्रामीण उत्थान, महिला सशक्तिकरण, स्किल डेवलपमेंट, सामाजिक जागरूकता, यातायात व्यवस्था में सुधार और नागरिक जिम्मेदारियों जैसे विषय शामिल हैं।

### समाजसेवा और नेतृत्व विकास का समन्वय

नवगठित टीम का उद्देश्य न केवल सामाजिक सरोकारों पर काम करना है, बल्कि युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्रीय निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करना भी है। संगठन युवाओं को नीति–निर्माण, सामाजिक सहभागिता और उद्यमिता के क्षेत्र में भी सशक्त करेगा।

# आदर्श विद्या मंदिर महुपुरा में ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रावतभाटा (नि.स.)।** आदर्श विद्या मंदिर महुपुरा में आयोजित वंदना सभा के दौरान ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी लविना दीदी, चित्रा दीदी, ब्रह्म कुमार विजय भाई, शेखर भाई, गोपाल भाई एवं सोहन भाई सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नशा मुक्ति विषय पर लघु नाटिकाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। लविना दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय का उद्देश्य एक अच्छा इंसान बनाना है। उन्होंने कहा कि जब हमारी आंतरिक शक्ति का विकास होता है, तो हम जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसके उपरांत उन्होंने विद्यार्थियों को 2 मिनट का ध्यान करवाया और आत्मिक बल बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।ब्रह्म कुमार विजय भाई ने अपने संबोधन में नशे की हानियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अज्ञानता के कारण आज भी कई लोग नशीले पदार्थों की लत में हैं। उन्होंने कहा कि 90त्न कैंसर के मामले धूम्रपान से संबंधित हैं और निष्क्रिय धूम्रपान (पास बैठने वालों) से भी लाखों लोग प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष लगभग 5.3 लाख बच्चे नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इसके निवारण हेतु उन्होंने कई व्यावहारिक उपाय सुझाए और विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य श्री मधुसूदन शर्मा ने किया एवं अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुकेश कुमार वैष्णव ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

# आहु नदी में कूदे युवक की 40 घंटे बाद मिली लाश एसडीआरएफ का रेस्क्यू तीन दिन चला



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/ कोटा।** रामगंजमंडी क्षेत्र के सुकेत स्थित आहु नदी में गुरुवार शाम से लापता युवक का शव शनिवार सुबह 11 बजे स्थक्रन की टीम ने बरामद कर लिया। युवक की पहचान रामगंजमंडी थाने के पास देवनारायण कॉलोनी निवासी लक्की गुर्जर (22 वर्ष) पुत्र मदन गुर्जर के रूप में हुई है। लापता युवक की सूचना को गंभीरता से देखते हुए सुकेत पुलिस ने गुरुवार रात से स्थक्रन की टीम की मदद से नदी में खोजबीन शुरू कर दी थी। लेकिन अंधेरा अधिक होने के कारण किसी भी तरह की सफलता हाथ नहीं लगी। शुक्रवार को फिर से स्थक्रन की टीम ने दिनभर नदी में तलाशी अभियान चलाया लेकिन फिर भी किसी भी तरह की सफलता नहीं मिली। आखिरकार शनिवार सुबह 11 बजे क़रीब 40 घंटे बाद स्थक्रन टीम को शव मिला, जिसे बाहर निकाला गया और सुकेत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द किया। थाना प्रभारी छोटूलाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत होता है, लेकिन विस्तृत जांच की जा रही है। युवक की मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांचों के बाद ही संभव हो सकेगी।

# एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण




बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत नैनवां शहर मंडल एंव ग्रामीण मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा ग्वाला के बालाजी परिसर एवं नैनवा शहर में पौधारोपण का कार्यक्रम गांधी पार्क में किया गया। इस अवसर पर कहीं जन प्रतिनिधि एवं अतिथि मौजूद रहे जिनमें मोतीलाल मीणा प्रदेश उपाध्यक्ष, रामेश्वर मीणा जिला अध्यक्ष भाजपा बूंदी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र डानी, जिला उपाध्यक्ष सीताराम सैनी ,एक वृक्ष मां के नाम के जिला संयोजक ओम जी दगाल, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत ,नैनवा शहर मंडल अध्यक्ष अनिल रंगीला, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राधा किशन सैनी, दबलाना मंडल अध्यक्ष हेमराज राठौर, हिंडोली मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह सोलंकी, देई मंडल अध्यक्ष मोती शंकर नागर,करवर मंडल अध्यक्ष लखन सिंह मीणा,पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश जिंदल, कन्हैयालाल नागर ,जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आसावत,महिला मोर्चा पूर्व अध्यक्ष आशा सेनी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र गोयल ,समाजसेवी प्रमोद माहेश्वरी, महावीर नगर सरपंच जरखोदा, रेखराज नागर पूर्व सरपंच पार्षद कपिल पोरवाल, राजू चैधरी, रामबाबू वर्माअन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक राजाराम मीणा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन अनिल रंगीला ने किया। पौधरोपण के बाद एक नीजी रिर्सोट में भाजपा के वरिष्ठ पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र नागर का जन्म दिवस मनाया गया। भाजपा संगठन के पदाधिकारियो एंव कार्यकर्ताओ द्वारा नागर को सॉफा एंव माल्र्यपण करके स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र नागर ने कहा कि भाजपा एक परिवार है। परिवार में आपसी स्नेह एंव भाईचारा बना रहता है। सभी एक दूजे के सुख दुख में भागीदारी निभाते है उन्होने सभी भाजपा पदाधिकारियो एंव कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया।

# लायंस क्लब कोटा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** लायंस क्लब कोटा की वर्ष 2025–26 की इंस्टॉलेशन सेरेमनी इन्द्रप्रस्थ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक निजी होटल में भव्य और गरिमामय रूप से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर क्लब की नव–निर्वाचित कार्यकारिणी ने अपने पदों की शपथ ली और सोनल नंदवाना एवं उनक 30 सदस्य टीम ने निस्वार्थ सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के नए प्रतिमान गढ़ने का संकल्प लिया। समारोह के मुख्य अतिथि लायंस मल्टीपल काउंसिल सेक्रेटरी योगेन्द्र रूनवाल ने कहा कि टीमवर्क ही सेवा कार्यों की सफलता की आधारशिला है। उन्होंने नई कार्यकारिणी को ईमानदारी, समझदारी और समर्पण के साथ जनकल्याण के उद्देश्यों को साकार करने की प्रेरणा दी। रूनवाल ने लायनवाद के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज के हर वर्ग तक पहुँचने की अपील की। वर्ष 2025–26 के लिए लायन सोनल नंदवाना को क्लब अध्यक्ष, लायन मुकेश विजयवर्गीय को सचिव और लायन लक्ष्मीकांत पारीक को कोषाध्यक्ष पद सहित 30 सदस्य टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रभा विजय ने किया जबकि आयोजन का समन्वय लायन अशोक नुवाल ने किया। स्वागत भाषण जोन चैयरमेन प्रमोद विजय ने पढ़ा

### 30 सदस्यीय कार्यकारिणी और 5 नए एमजेएफ सदस्य बने शामिल

कार्यक्रम में 30 सदस्यीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई और सेवा कार्यों की गरिमा को समझाया गया। साथ ही सीपी विजयवर्गीय, प्रमोद विजय, सोनल नंदवाना, राम मदनानी एवं सर्वेशन काबरा को एमजेएफ सदस्य के रूप में नामित किया गया। साथ ही 5 नए सदस्यों को क्लब का हिस्सा बनाते हुए उन्हें लायन पिन पहनाई गई।

# जहां साधु के पैर पड़ते है,वह भूमि मंगल हो जाती है : प्रज्ञान सागर महाराज



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** दिगंबर जैन शांति वीर धर्मस्थल पर धर्म सभा में बोलते हुए मुनि प्रज्ञान सागर महाराज ने बताया कि आज का मनुष्य रोटी कपड़ा मकान के लिए ही जी रहा है। मनुष्य जीवन का सही अर्थ तो मनुष्य सुनना नहीं चाहता। मनुष्य की आत्मा दूषित हो गई है। जिससे उसका व्यवहार भी अविवेक पूर्ण हो गया है। मनुष्य के मन रूपी आत्मा पर इतना कचरा जम गया कि उसे साफ करने के लिए ज्ञान रूपी जल की आवश्यकता है। उन्होने ग्रहस्त जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए। इस समय सभी देवी देवताएं पृथ्वी पर भ्रमण करते हैं। सूर्य उगने के बाद उठने वाला मनुष्य राक्षस पर्याय की योनि माना जाता है। आज का मनुष्य लोभ के कारण ही नाना प्रकार के पाप कर रहा है। लोभ का त्याग करने पर ही उसे आत्मा में धर्म की प्राप्ति होती है। दूसरे के प्रति मन में बुरे विचार का त्याग नहीं करेगा तब तक अच्छे विचार ग्रहण नहीं होंगे। जैन मुनि प्रसिद्ध सागर महाराज ने बताया की दिगंबर जैन मुनि 24 घंटे में एक बार आहार को निकलते हैं। वह भी विधि मिलने पर बिना विधि के जैन संत आहार नहीं लेते। जहां साधु के पैर पड़ते हैं वह भूमि मंगल हो जाती है । उन्होंने यह भी बताया कि चैका सभी लगते हैं बिना पुण्य के साधुओं को आहार नहीं कराया जाता। जिस मनुष्य का पुण्य प्रबल होता है वहां ही जैन साधु आहार ग्रहण करते है।

## विधायक दीप्ति माहेश्वरी के हाथों विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास आज

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** नगर क्षेत्र में रविवार को विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी के कर-कमलों से विभिन्न महत्त्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6.30 बजे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (नगर मंडल, राजसमंद) के दौरे से होगा, जहां विधायक स्थानीय जनसमस्याओं का अवलोकन करेंगी।प्रातः 8.00 बजे कोयड़ क्षेत्र में अटल कायाकल्प एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) योजना के अंतर्गत ओवरहेड टैंक (पानी की टंकी) का शिलान्यास किया जाएगा। इसके पश्चात 8.30 बजे अरिहंत नगर में भी इसी योजना के अंतर्गत ओवरहेड टैंक का शिलान्यास होगा।प्रातः 9.00 बजे सनवाड़ क्षेत्र में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत भूतल जलाशय का शिलान्यास किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 10.00 बजे साधना शिखर में मौजूदा फिल्टर प्लांट के संवर्धन कार्य एवं 70 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाले जल शोधन संयंत्र का शिलान्यास किया जाएगा।सांय 5.00 बजे वांसोल राजसमंद झील चादर क्षेत्र में डीएमएफटी योजना के तहत स्वीकृत भाणा, लवाणा एवं भगवान्दा कला गांवों में पाइपलाइन, खुले कुएं तथा उच्च जलाशय निर्माण कार्यों का शिलान्यास संपन्न होगा। इन समस्त विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को आधारभूत सुविधाओं की सुलभता बढ़ेगी एवं जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाया बरगद का पौधा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव और बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए एक वृक्ष मां के नाम के अंतर्गत स्वास्थ्य भवन में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धौलपुर महेश कुमार शर्मा ने बरगद लगाया। सीबीईओ शर्मा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृभूमि और मातृत्व का सम्मान करना है। 14 फीट का बरगद पौधा ट्री गार्ड सहित लगाया गया है। बरगद मेन नरेन्द्र यादव की बरगद वृक्षारोपण मुहिम और पर्यावरण के प्रति समर्पण की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों सहित सामाजिक सरोकार में यादव का योगदान काबिले तारीफ है। उन्होंने बताया कि इस श्रावण मास के शुरुआत में शिक्षा मंत्री के आदेश एवं विभागीय आदेश की पालना में वृक्षारोपण कार्यक्रम को ब्लॉक के प्रत्येक स्कूल को निर्धारित कर दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर के तहत सीमावर्ती क्षेत्र में भेजे कार्मिकों को मूल स्थान भेजने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सीमावर्ती जिलों में स्थानांतरित किए गए पशुपालन विभाग के कार्मिकों को मूल स्थानों पर भेजे जाने की मांग की है। राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मेघ सिंह परमार ने बताया कि ज्ञापन में लिखा है कि पिछले महीने भारतीय सीमा पर उत्पन्न हुई तनाव की स्थितियों के चलते राष्ट्रीय सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन (ऑपरेशन सिंदूर) के तहत पशुपालन विभाग के काफी संख्या में सीमा वर्ती क्षेत्रों में रिक्त पदों पर स्थानांतरित किया गया था। जिला मंत्री अजीत चौधरी ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थितियां सामान्य हो गई हैं। लेकिन इसके बावजूद पशुपालन विभाग के अस्थाई आधार पर 625 कार्मिकों को सीमावर्ती जिलों में स्थानांतरित किया गया था। महीनोंबाद भी विभाग की ओर से इन कार्मिकों के स्थानांतरण निरस्त नहीं किया गया है। महासंघ ने स्थानांतरण निरस्त कर उनको जल्द मूल पदस्थापन स्थानों पर लगाने का आग्रह किया है। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीरामगोस्वामी, राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर, राजेश कुमार शर्मा, आमीन खान, कपिल देव, अब्दुल हमीद खान, रजनीकांत शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष श्रीभान सिंह गुर्जर, नर्सेज एसोसिएशन के जिला मंत्री हरेंद्र तोमर, छोटी बाई, शेलेंबा पीजे, पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के दुर्गेश यादव, सतीश गुर्जर, देवेंद्र कुमार शाक्य, रविंद्र कुमार, नीरज त्यागी, दिनेश गुर्जर आदि मौजूद थे।

## पूर्व सैनिकों की समस्या समाधान के लिए शिविरों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** 12 जुलाई को जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं के समाधान के लिए जून माह के दौरान 3 समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल श्री ए.के. साहा द्वारा बताया गया कि ये शिविर 15 जुलाई को पंचायत समिति सभागार अरांई, 24 जुलाई को सैनिक विश्राम गृह ब्यावर एवं 30 जुलाई को पंचायत समिति सभागार पीसांगन में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में भूतपूर्व सैनिकों को केन्द्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा प्रदत्त कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किया जाएगा। पार्ट टू आर्डर, रिलेशनशीप सर्टीफिकेट, डिमाईस ग्रांट, आर्मी ग्रुप इन्शोरेन्स, आश्रित प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र इत्यादि के फार्म दिए जाएंगे। इमरजेन्सी कमीशन्ड ऑफिसर, शार्ट सर्विस कमिशन्ड एवं प्रि-मैच्योर सेवानिवृत्त, पूर्व सैनिकों एवं द्वितीय विश्व युद्ध पेंशनर्स को ईसीएचएस सुविधा के बारे में जानकारी दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, आश्रितों एवं वीरांगनाओं की समस्त प्रकार की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

## समय सीमा में निर्माण कार्यों को करें पूर्ण, गुणवत्तापूर्ण हो निर्माण कार्य- सुधीर माथुर

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** झिलाय रोड व चैनपुरा फाटक पर निर्माणधीन रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य का शनिवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (पुल) सुधीर माथुर ने निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस दौरान मुख्य अभियंता माथुर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार को दी गई समय सीमा में निर्माण कार्यों को पूर्ण करने व गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रेमराज मीना, अधीक्षण अभियंता एचएल मीणा, अधिशाषी अभियंता गौतम मीणा व सहायक अभियंता अनिल मीणा मौजूद इंजीनियरों को चीफ इंजीनियर माथुर ने निर्माण कार्य का निरंतर निरीक्षण करने तथा क्वॉलिटी मेंटेन करने के निर्देश दिए। इसके बाद चीफ इंजीनियर माथुर ने जयपुर टोंक रोड पर चैनपुरा रेलवे फाटक व निवाई बौंली रोड झिलाय रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### राजकीय महात्मा गाँधी मल्टीपरपज स्कूल का मामला

# शाला विकास समिति में बड़ा फर्जीवाड़ाः 12 साल का छात्र, ट्रांसफर हो चुकी अध्यापिका और स्कूल छोड़ चुके अभिभावक सदस्य

### बिना चुनाव और बिना समीक्षा वर्षों से चल रही समिति, सदस्यों की सूची में गंभीर अनियमितता, विधायक प्रतिनिधि और पार्षद भी सदस्य

बढ़ता राजस्थान




**कोटा.. (विनोद गौड़)।** एक ओर सरकारें शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए शाला विकास समितियों का गठन कर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की बात करती हैं, वहीं दूसरी ओर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के गृह नगर कोटा में शहर के प्रतिष्ठित मल्टीपरपज स्कूल की शाला विकास समिति में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। स्कूल में गठित 23 सदस्यीय समिति में से 10 सदस्य स्वयं शिक्षक हैं, जबकि समिति में शामिल एक 12 वर्षीय छात्र, जो अब स्कूल छोड़ चुका है, को भी सदस्य बना रखा गया है। इतना ही नहीं, समिति में एक ऐसी अध्यापिका का नाम भी जुड़ा है जो डेढ़ साल पहले ही स्थानांतरित होकर अन्य विद्यालय जा चुकी हैं।

समिति की पारदर्शिता पर सवाल तब और गहरे हो जाते हैं जब एक अभिभावक प्रतिनिधि के स्थान पर स्कूल में कार्यरत प्राइवेट गार्ड को शामिल किया गया है, हालांकि उनके दो बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं, लेकिन निजी सुरक्षा गार्ड की भूमिका समिति में निष्पक्ष प्रतिनिधित्व को लेकर संदेह पैदा करती है।

समिति में अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े राजेंद्र मेघवाल बताते हैं कि मैं तो जब से यह समिति बनी है तभी से इसमें हूं, कभी चुनाव नहीं देखा, न ही किसी नए व्यक्ति को आते देखा। वे आगे कहते हैं, बच्चों से 2100 की मांग की जा रही है, लेकिन मैंने समिति सदस्य होने के बावजूद आज तक कोई पैसा नहीं दिया।

वहीं एससी वर्ग से प्रतिनिधि बनाए गए नंदकिशोर महावर ने बताया कि उनकी बेटी तीन साल पहले स्कूल छोड़ चुकी है। पहले उन्होंने खुद को अभिभावक बताया, लेकिन जब थोड़ी गहराई से पूछा गया तो स्वीकार किया कि वे खुद विद्यालय में अध्यापक हैं।

इस खुलासे से साफ है कि समिति में न तो समय-समय पर समीक्षा हुई, न ही सदस्यों की स्थिति की जांच की गई। समिति की लिस्ट अब भी 2024-25 सत्र की पुरानी फाइल में दर्ज है। सवाल उठता है कि जिन सदस्यों का विद्यालय या छात्र से कोई वर्तमान संबंध नहीं है, वे स्कूल की नीतियों और वित्तीय निर्णयों पर किस आधार पर निर्णय लेते होंगे? वहीं, समिति में दो विधायक प्रतिनिधियों और एक वार्ड पार्षद की मौजूदगी के बावजूद यह अनियमितता लंबे समय से जारी है, जो जवाबदेही के अभाव को दर्शाती है।

#### एक्सपर्ट व्यू

शैक्षिक मामलों के जानकार मुकेश यादव कहते हैं, शाला विकास समिति एक लोकतांत्रिक मंच है जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और भागीदारी बढ़ाना है। इसमें निष्क्रिय या अयोग्य सदस्यों की मौजूदगी न केवल निर्णयों को गलत दिशा में ले जा सकती है, बल्कि इससे छात्रों के अधिकार भी प्रभावित होते हैं। विभाग को इस पर तुरंत संज्ञान लेकर पुनर्गठन करना चाहिए।

#### शाला विकास समिति में अनियमितता के मुख्य बिंदु

- 23 में से 10 सदस्य शिक्षक
- एक 12 वर्षीय पूर्व छात्र सदस्य
- ट्रांसफर हो चुकी अध्यापिका अब भी सूची में
- प्राइवेट गार्ड को अभिभावक प्रतिनिधि बनाया
- चुनाव की प्रक्रिया नदारद
- 2100 की कथित वसूली

विद्यालय प्रबंधन से इस बारे में प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई, लेकिन प्रिंसिपल ने जवाब देने से इनकार करते हुए कहा कि सभी निर्णय विभागीय निर्देशों के अनुसार लिए जाते हैं।

## बहरोड में छात्रा से निजी स्कूल में दुष्कर्म केसः स्कूल संचालक की गिरफ्तारी नहीं होने पर ग्रामीणों का धरना,पुलिस को 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड** (बहरोड़ सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक प्राइवेट स्कूल संचालक पर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोप लगा है। शनिवार को सर्वसमाज के लोगों ने स्कूल के सामने धरना देकर आरोपी की गिरफ्तारी और स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग की।धरने में पूर्व सरपंच रामवतार सैनी, सैनी समाज सेवा समिति के प्रधान महावीर प्रसाद सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद थे। वक्ताओं ने कहा कि यह पूरे समाज की अस्मिताका सवाल है। उन्होंने शिक्षा विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि रिपोर्ट दर्ज होने के चार दिन बाद ही जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे।पॉक्सो एक्ट में मामला भी दर्ज है, इसके बावजूद पुलिस ने अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। शिक्षा विभाग की ओर से भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सदर थानाधिकारी सुबेसिंह मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की।

#### 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उनका कहना है कि यदि इस दौरान आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती और स्कूल की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू नहीं होती, तो सोमवार को उपखंड या जिला स्तरीय अधिकारियों के कार्यालय के सामने धरना दिया जाएगा। इस बारे में अंतिम निर्णय सोमवार को सर्वसमाज की बैठक में लिया जाएगा।

#### दो प्रिंसिपल कर रहे हैं जांच- सीबीईओ

सीबीईओ रामकला यादव ने बताया, ग्रामीणों से शिकायत मिली थी कि स्कूल में उनकी बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। इसको लेकर शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि वह जांच करे। इसी कारण आज दो पीओ (प्रिंसिपल) को जांच के लिए भेजा था। एक अन्य स्कूल की भी शिकायत थी, लेकिन वहां आज नहीं जा पाए। सोमवार को जांच अधिकारी रिपोर्ट देंगे और उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### पुलिस बोली- आरोपी को जल्द ही दस्तयाब करेंगे

सदर थानाधिकारी सूबेसिंह ने बताया- शिक्षा विभाग ने स्कूल में जांच के लिए बुलाया था। वहां ग्रामीणों का धरना भी था। ग्रामीणों की मांग थी कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाए। मामले की जांच नीमराना सीओ सचिन शर्मा कर रहे हैं।

जांच अधिकारी नीमराना डीएसपी सचिन शर्मा ने कहा, मैं अभी सदर थाने पर ही बैठा हूं। जांच जारी है। आरोपितों को जल्द ही दस्तयाब कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## करंट लगने से पेंथर की मौत,ग्रामीणों ने वन विभाग को दी पेंथर के मौत की सूचना,खेत में लगे खंभे से करंट लगने की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजसमंद के केलवाड़ा थाना क्षेत्र के मोर्चा गांव में बीती रात एक खेत में पेंथर नजर आया। खेत मालिक ने जब यह देखा तो वह डर गया और करीब 1 घंटे तक दूर से उसे देखता रहा। इसके बाद उसने ग्रामीणों को सूचना दी मौके पर लाठियां लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो पैंथर मृत हालत में मिला। घटना स्थल के ठीक पास विद्युत विभाग का खंभा लगा हुआ है जिससे करंट लगने के कारण पेंथर की मौत की संभावना है। पैंथर के मृत होने की तस्दीक करने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी है। वन विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर टीम मोरचा गांव के लिए रवाना हुई। ग्रामीणों ने बताया पिछले कई दिनों से आसपास के खेतों में पैंथर के मूवमेंट की सूचना मिल रही थी।वहीं कई पालतू मवेशियों का भी शिकार हो चुका है। वन विभाग के अनुसार पैंथर की मौत को लेकर कानूनी कार्रवाई के बाद मेडिकल बोर्ड से उसका पोस्टमार्टम करवाया जाएगा और उसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।



## अजमेर नारी न्याय सम्मेलन,और पदार ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर शहर स्थित गढ़वाल पैलेस में आयोजित नारी न्याय सम्मेलन एवं अजमेर शहर महिला कांग्रेस की नव-नियुक्त अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी बुन्देल जी के पदभार ग्रहण समारोह में पूर्व ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष भिनाय गीता चौधरी द्वारा लक्ष्मी बुन्देल का स्वागत किया इस अवसर पर राजस्थान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह जी के अजमेर आगमन पर गीता चौधरी द्वारा स्वागत किया गया कार्यक्रम में किशनगढ़ विद्यायक विकास चौधरी आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह राठौड़ जी, अजमेर डेयरी अध्यक्ष श्री रामचंद्र जी चौधरी, अजमेर दक्षिण से विधानसभा प्रत्याशी रही डॉ. द्रोपदी कोली जी, अजमेर उत्तर से प्रत्याशी रहे श्री महेंद्र सिंह रलावता जी सहित महिला कांग्रेस के पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बांदनवाड़ा से गीता चौधरी के साथ महिलाएं भी उपस्थित रही।

# धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड में जनसुनवाई शिविर में पहुंचे जिला कलेक्टर, दिए तत्काल कार्यवाही के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा)।** बाड़ी पंचायत समिति में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई शिविर में धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह शिविर हर माह के द्वितीय गुरुवार को आयोजित किया जाता है। कलेक्टर श्रीनिधि बी.टी. ने जनसुनवाई के दौरान फरियादियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना, जैसे जमूरा (अड्डा मोगिया) ग्राम पंचायत नकसौदा के घुमंतु अर्ध घुमंतु समुदाय के लोगों ने आवासीय पट्टा एवं नरेगा कार्य हेतु प्रार्थना पत्र दिया, इस मौके पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता के कार्यों को बिना किसी ठोस कारण के लंबित न रखें। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय समन्वय से जनहित के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। जनसुनवाई शिविर में बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी, तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल, ई. ओ. श्याम बिहारी गोयल, डॉ. हरि कृष्ण मंगल पीएमओ, डॉ. गब्बर सिंह मीणा इउटड, डॉ. गुलाब सिंह मीणा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, डॉ. उमाकांत स्वामी, बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्पित श्रीवास्तव, जेईएन पीडब्लूडी रवि शर्मा, जेईएन सिंचाई विभाग सुनील कुमार मीणा, इररड रफए बाड़ी समाज कल्याण विभाग मुकेश सिंह, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक श्रीकेश पुरी गोस्वामी, उमेश शर्मा प्रोग्रामर, नरेश कुमार, एवं जन अधिकार मंच धौलपुर प्रतिनिधि सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में कुल 16 प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिनमें से 6 प्रकरणों का मौके पर ही समाधान कर निस्तारण किया गया। शिविर का उद्देश्य प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर त्वरित समाधान देना रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

### राजसमंद पंचायत समिति मे सफलता की कहानी

# मनरेगा से बदली पांच घरों के बस्ती की तस्वीर,1.5 किलोमीटर पहाड़ियों से बंद रास्ते को मेहनत कर बनाया सुगम

बढ़ता राजस्थान



राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राजस्थान में कई जगह नरेगा के फर्जी कार्य को दिखाकर लाखों रुपए उठाने के मामले सामने आते हैं, लेकिन राजसमंद पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बामन टुकड़ा के ग्राम करेड़ा में होने वाले नरेगा कार्य से पांच घरों की भीलो की बस्ती के लिए 1.5 किलोमीटर का कच्चा रास्ता पहाड़ियों से खोदकर बनाया,महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से स्वीकृत 11 लाख रुपए से अंश राशि से डेढ़ किलोमीटर के रास्ते को सुगम बना दिया है, कहानी थोड़ी अजीब लगती है लेकिन सफलता मिलते ही लोगों में खुशी की लहर है, बस्ती की महिला कमली बाई, चंदाबाई ,ताराबाई ने बताया कि उनके बस्ती में रास्ता सही नहीं होने से किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर उन्हें दाह संस्कार को ले जाने के लिए खेतों में से होकर रास्ता जाता था एक जैसा रास्ता नहीं होने पर शव को बार-बार नीचे रखकर उसे पत्थरों पर रखकर खेतों को पार कराया जाता था, जिसके बाद उसे शमशान ले जाया जाता था, बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल जाते थे वह भी पहाड़ी से होकर जाते थे लेकिन अब मनरेगा से हुए कार्य से लेकर खुशी हैं, पहाड़ी काटकर रास्ता बनाने का कार्य 250 दिनों में पूरा किया गया। वहीं करीब डेट किलोमीटर के इस रास्ते में अतिक्रमण जैसी बाधाएं भी थी, लेकिन पंचायत समिति राजसमंद प्रधान अरविंद सिंह राठौड़ के राजस्व ग्राम होने के कारण उनकी समझाइस के द्वारा यह अतिक्रमण हटाया गया आज क्षेत्र में महानरेगा के तहत हुई कार्य की हर जगह प्रशंसा हो रही है ।

## नींबू के रस की एक बूंद हजारों लीटर दूध को बर्बाद कर देती, उसी तरह मनुष्य का अहंकार सारे रिश्तों को बर्बाद कर देता आचार्य ज्ञानचन्द्र

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री अरिहंतमार्गी जैन महासंघ शाखा उदयपुर के तत्वावधान में आचार्य ज्ञानचन्द्र महाराज का ओरबिट रिसोर्ट स्थित अरिहंत भवन में आयोजित धर्मसभा में आचार्य ज्ञानचंद्र महाराज ने कहा कि आज चार्तुमासिक स्वाध्याय महोत्सव का प्रथम दिवस है। महावीर प्रभु की मूल वाणी का जय घोष किया गया। महावीर तक पहुंचने का मुख्य साधन है, उनकी वाणी। उन्होंने कहा कि अगर हम महावीर के आकार का चिंतन करते हैं तो हमारा चिंतन महावीर के तन तक ही पहुंचता है। लेकिन हम महावीर की वाणी को पढ़ते, सुनते, बोलते, मनन करते हैं तो हम महावीर की आत्मा तक पहुंचते हैं। तन विनाशी है, आत्मा अविनाशी है, अजर अमर है। स्वाध्याय महोत्सव में महावीर की आत्मा से हमारी आत्मा का सीधा संस्पर्श करना है। जैन शास्त्रों में स्पष्ट लिखा है सिद्धा जैसो जीव है, जीव सोही सिद्ध होय। जीव और सिद्ध में, आप में और परमात्मा में कोई फर्क नहीं है। बस बीच में जो अहंकार है उसे हटाइए। जिस तरह नींबू के रस की एक बूंद हजारों लीटर दूध को बर्बाद कर देती है। इसी तरह मनुष्य का अहंकार सारे रिश्तों को बर्बाद कर देता है। अहंकार दिखाकर किसी रिश्ते को तोड़ने से अच्छा है, माफी मांग कर वो रिश्ता निभाया जाए। शॉर्टसर्किट से डिस्कनेक्ट कनेक्शन भी माफी द्वारा जुड़ जाते हैं। आज की सभा में सुप्रसिद्ध समाजसेवी आनंदीलाल संचेती का, धनेश जैन दिल्ली, सुनील श्रीमाल, सुरेश बंब जलगांव, समाजसेवी ओमप्रकाश एवं महिलारत्न श्रीमती लक्ष्मी देवी जैन, अशोक कांठेड़ का श्रीमती अनुराधा,श्रीमती सीमा आदि ने स्वागत किया। जैनाचार्य ज्ञानचंद्र महाराज के सानिध्य में स्वाध्याय महोत्सव में सुख विपाक सूत्र का पूर्ण गरिमा के साथ सस्वर उच्चारण पूर्वक मनन किया गया। आज दिल्ली अरिहंत नगर से नररत्न जतिन, शिखा जैन गुरु चरणों में उपस्थित हुए प्रवचन श्रवण का लाभ लिया। संतरत्न अजीत मुनि महाराज की तपस्या के उपलक्ष्य में प्रवचन के बाद की प्रभावना का लाभ सुरेश बंब एवं सुनील श्रीमाल जलगांव वालों ने लिया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ढोसर में वृक्षारोपण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राउमावि ढोसर में इको क्लब की ओर से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण में गोपाललाल सुथार, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य के तत्वावधान में पौधारोपण किया गया एवं पर्यावरण के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई। पर्यावरणविद विनोद बूलीवाल ने बताया कि एक मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिलीपसिंह चुंडावत ने बच्चों को पौधों के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा पौधे को पानी पिलाने व सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक विद्यार्थी को दी। इस दौरान इको क्लब प्रभारी दिनेश कुमार सेन, श्यामलाल पायक, प्रहलाद शर्मा, हीरालाल शर्मा उपस्थित रहे।

## पीएफसी एज्यूकेशन की एसीसीए की छात्रा शाहीन बानो बनी उदयपुर की शान

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( नि.स. )।** पीएफसी एज्यूकेशन की एसीसीए की छात्रा शाहीन बानो ने मात्र एक महीने में फानेन्शियल अकान्टिंग की परीक्षा पास कर 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उदयपुर का नाम रोशन किया। उदयपुर के प्रतिष्ठित अकाउंटिंग संस्थान पीएफसी एज्यूकेशन की मेधावी एसीसीए छात्रा शाहीन बानो ने वैश्विक स्तर की एसीसीए परीक्षा में कमाल कर दिखाया है। इस असाधारण सफलता के पीछे जहां शाहीन की कठिन मेहनत और समर्पण है, वहीं संस्थान की संस्थापक मीनाक्षी भेरवानी और विषय विशेषज्ञ व अध्यापक गुंजन वाधवानी का मार्गदर्शन भी प्रमुख रहा है। पीएफसी एज्यूकेशन जो राजस्थान का एकमात्र गोल्ड लर्निंग पार्टनर और सीबीई कम्प्यूटर बेस्ड सेन्टर है, ने पिछले 7 वर्षों में एसीसीए जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रोफेशनल कोर्स को उदयपुर में लोकप्रिय बना कर एक नई दिशा दी है।संस्थान की संस्थापक मीनाक्षी भेरवानी ने इस अवसर पर कहा कि शाहीन की यह सफलता यह सिद्ध करती है कि जब मार्गदर्शन सटीक और प्रयास निरंतर हो, तो कोई भी मुकाम बड़ा नहीं होता। हमारा उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि छोटे शहरों के छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और अवसर प्रदान किए जाएँ। शाहीन को फाईनेन्शियल अकाउन्टिंग विषय पढाने वाली गुंजन वाधवानी ने कहा कि शाहीन की लगन और अनुशासन प्रेरणादायक है। इस सफलता की हकदार वह पूरी तरह हैं, और यह उनके उज्जवल भविष्य की मजबूत नींव है। पीएफसी एज्यूकेशन की इस शानदार उपलब्धि से न केवल संस्थान का बल्कि पूरे उदयपुर का नाम रोशन हुआ है।

## राउमावि किरावली में पेयजल संकट, समस्या समाधान को लेकर मांग

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किरावली में गत वर्ष से पेयजल व्यवस्था बाधित होने के कारण पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है । विद्यालय प्रधानाचार्य के अनुसार विद्यालय में लगे हुए डीप बोर का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है पेयजल की आवाज में अन्य सुविधाओं के साथ मिड डे मील की व्यवस्था भी बाधित होती है इसको लेकर पूर्व सरपंच सतीश पांडे की अगवाई में क्षेत्र का प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री, अति. मुख्य सचिव ,व मुख्य अभियंता ग्रामीण जल भवन जयपुर से अलग-अलग व्यक्ति से मुलाकात कर अभ्यावेदन सौंप कर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पेयजल संकट निवारण हेतु हेड पंप लगवाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व सरपंच सतीश पांडे के साथ सरपंच फतेह सिंह घनश्याम तिवारी करावली शिवराज सिंह करावली रमेश सैनी दिलीप सैनी राजू गुर्जर रायपुर परम सुखकोली भूपेंद्र शर्मा खेरली ब्राह्मण मुकेश शर्मा शहजादपुरा हरगोविंद खेडली ब्राह्मण मंजू उदय सिंह राजपूत रविंद्र सिंह गोगिरा वीर बहादुर सिंह गोगरा राजेश मीणा समेत अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# भव्य एल्यमनाई मीट का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** एल्युमनाई एसोसिएशन श्री हरिदत्त ग्रुप ऑफ इन्सट्यूशन्स, टैक्नोलॉजी पार्क, सेवर, भरतपुर के द्वारा भव्य पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन श्री हरिदत्त गुप ऑफ इन्सट्यूशन्स के सभागार में किया गया। इस अवसर पर 150 पूर्व छात्रों ने रजिस्ट्रेशन के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई सभी आगन्तुकों का वर्तमान छात्रओं द्वारा तिलक लगाकर एवं प्रतीक विहन तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस समारोह की अध्यक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री हरिदत्त शर्मा ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आलोक शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ द्वीप प्रज्ज्वलन एवं श्रीमती पुष्पा द्वारा मंगलाचरण गायन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन छात्रा तमु मदेरणा ने प्रस्तुत किया। को, नीता माथुर ने कार्यक्रमों के उदेश्य एवं कय रेखा से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वर्तमान छात्रों द्वारा अपने सीनियर छात्रओं के सम्मान में प्रस्तुत साँस्कृतिक प्रस्तुतियां थीं, जिन्होंने तभी का मन मोह लिया। पूर्व छात्रा डबली कुमारी ने विश्वविद्यालय परीक्षा में प्रथम स्थान लाकर गोल्ड मैडल प्राप्त किया इसी कम में संस्थान को गैरान्वित करने हेतू उन्हें समिति द्वारा गौरवशाली पूर्व सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर कई एल्युमनाई ने वर्तमान छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए बदली कुमारी ने बताया कि उनकी उपलब्धि में शिक्षकों का बहुत बड़ा रोगदान है, प्रवीन ने कहा कि यहाँ के शिक्षक श्रेष्ठ शिक्षक है तथा सभी विद्यार्थियों को उनसे मिलने वाले ज्ञान से लाभ प्राप्त करना चाहिए। समिति सचिव दुलीचन्द सैनी ने पूर्व छात्र परिषद की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा ने कहा कि या मिलन समारोह एक यादगार क्षण है । आई क्यू ए. सी. समन्नगक ही नौलम सिंह ने आई. क्यू. ए. सी, के कागी राधा उपलब्धियों का




विवरण प्रस्तुत किया तथा सभी पूर्व छात्रों को आई. क्यू. ए. सी. के त्तों में राजा बर्तमान विद्यार्थियों को वैकैरियर गाइडेस एवं प्लेसमेंट में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। जी सिंह ने एल्युमनाई को अपने महत्वपूर्ण सुझराव फीडबैक फॉर्म के माध्याम से देने का अनुरोध भी किया। वर्तमान छात्र अजीत के द्वारा आभार प्रकट किया गया। इस मिलन समारोह में सभी के लिए भोज का आयोजन भी किया गया था जिसमें राजस्थानी व्यंजन विशेष आकर्षण का केन्द्र थे। इस अवसर पर डॉ संजू शर्मा, डॉ क्रेता देवी, डॉ. राजकमल, अशेक सिंह, मीरा देवी, महेन्द्र सिंह, पूनम दीक्षित, राजपाल, गणेश चन्द, साक्षी राम मोहन, विनोद, नेहा आदि संस्था सदस्य उपस्थित रहे।

# सावन माह प्रारंभ होने के क्रम में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** कोली समाज विकास ट्रस्ट भीलवाड़ा के तत्वाधान में के सयुक्त तत्वाधान में शहर स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत दिनांक 12 जुलाई को सुबह 9 बजे से 12 बजे तक पंचायत भवन हॉल में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें 190 रोगियों को नि:शुल्क परामर्श देकर दवाइयां फ्री में दी गई। सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि शिविर में शहरी स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत सावन माह प्रारंभ होने के करने स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया जिसमें डॉक्टर भंवर लाल पिंकी गर्ग फार्मासिस्ट चंद्रश इंद्रा चंदेल, स्वास्थ्य प्रबंधक विशाल वैष्णव, लेखा सहायक शिवलाल भाभी आए सामान्य स्वास्थ्य बीमारियों जनरल फिजिशियन, नि:शुल्क किया जाकर दवाइयां भी नि:शुल्क दी गई और हिमोग्लोबिन जांच, शुगर बीपी लेवल की जांच करके परामर्श दिया गया। दीपप्रज्वलन एव केसरिया दुप्पटा पहनाकर शिविर की शुरुआत की कोली समाज की और ट्रस्ट संरक्षक मंडल सदस्य चुन्नीलाल



फतेहपुरिया ने चिकित्सा दल एव चिकित्सक दल का तिलक केसरिया दुप्पटा ओढा कर सम्मान किया। भोलूराम सुवालिया, डालचंद शंकर, लाल उस्ताद, बुद्धि प्रकाश, सोनू, सुनील, देवीलाल, गोपाल छानवाल आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग बालिका को ट्राईसाईकिल प्रदान करके बच्चों को अल्पाहार वितरण किया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के ग्राम करणपूरा के राजकिया प्राथमिक विधालय पर राष्ट्रीय मोदी सेवा समिति जन कल्याण कारी योजना प्रचार प्रसार के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यदुवंशी,प्रदेश अध्यक्ष अशोक पाटीदार के दिशानिर्देश पर व संगठन के तत्वाधान में एक दिव्यांग बालिका को ट्राईसाईकिल प्रदान करके बच्चों को अल्पाहार वितरण किया।इस अवसर पर स्कूल प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार मीणा, अध्यापिका शबाना, सीताराम वर्मा जिला अध्यक्ष एस सी मोर्चा राष्ट्रीय मोदी सेवा समिति जन कल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार,विक्रम प्रजापति जिला महामंत्री ओबीसी प्रकोष्ठ बंशी लाल शर्मा समाज सेवी तथा स्थानीय ग्राम वासी मौजूद रहे।

## निठार गांव की पहाड़ी पर लेपर्ड के दिखे चार बच्चे, गांव में दहशत का माहौल



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के गांव नितर की पहाड़ियों पर लेपर्ड के चार बच्चे दिखाने से गांव में दहशत का माहौल है सूचना पर वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग कर रही है अभी तक लेपर्ड के बच्चों द्वारा किसी भी तरह के हमले की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। क्षेत्र के रेंजर हरवन सिंह के अनुसार शुक्रवार को भुसावल इलाके के गांव निठार में लेपर्ड के शावक देखे गए हैं। वह ड्रोन में कैद हुए हैं। जिसके बाद इलाके में वन विभाग की टीमें इलाके में भेज दी गई हैं। लगातार वन विभाग की टीमें निठार गांव सहित उसके आसपास के इलाके में मॉनिटरिंग कर रही है। लेपर्ड का शावक एक चट्टान पर खड़ा दिखाई दिया। ड्रोन कैमरे को देख शावक दरारों में छुप गया। अभी तक शावकों द्वारा किसी के ऊपर हमले की जानकारी नहीं है। साथ ही ग्रामीणों को भी सतर्कता से रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### हिंगलाज माता मंदिर के आसपास दिखे

गांव निठार से प्राप्त सूचना के अनुसार गांव के पहाड़ पर हिंगलाज माता का मंदिर स्थित है। गुरुवार को यहां चार पैंथर के शावक दिखाई दिए थे। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। लेपर्ड और उसके शावक पहाड़ों पर घूमने वाले भेड़ बकरियों का कई बार शिकार कर चुके हैं।

# किसान, युवा, मजदूर, महिला का उत्थान सर्वोच्च प्राथमिकता : खराड़ी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** राज्य के जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि राज्य सरकार किसान, युवा, मजदूर एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है ,जिससे विकास का उजियारा हर वर्ग तक पहुंचे। खराड़ी शुक्रवार को डूंगरपुर से कोटडा जाते खेरवाड़ा डाक बंगले में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले डेढ़ साल में जो काम हुए वह पूर्ववर्ती सरकार अपने पूरे 5 साल में भी नहीं कर पाई। खराड़ी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए कृत संकल्प होकर कार्य कर रही है ।उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए भी प्रतिबध है ।वंचित वर्ग विकास की मुख्य धारा से न छूटे इस हेतु हाल ही में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल



पखवाड़े का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से गरीब और वंचित वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी अभियान का उद्देश्य है कि प्रशासन और जनता के बीच कोई खाई नहीं हो तथा कोई भी व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से छूट न जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में अंत्योदय संबल शिविरों के माध्यम से आमजन के भूमि संबंधी विवादों का समाधान, मृदा स्वास्थ्य कार्डों का वितरण, मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण ,आयुष्मान कार्ड वितरण, गरीब परिवारों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं सहित कई लंबित प्रकरणों का निस्तारण हुआ। खराड़ी ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य उदयपुर संभाग के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा सर्वाधिक बजट खर्च किया जा रहा है ।क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी । उन्होंने पत्रकारों को बताया कि राज्य सरकार ग्रामीण एवं जनजाति क्षेत्र के विकास एवं उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस दौरान क्षेत्र के पूर्व विधायक नानालाल आहारी, वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन, मंडल अध्यक्ष हेमंत मेहता, महामंत्री भूपेंद्र कलाल भी उपस्थित थे।

## जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये 4 बातों का ध्यान रखें : कृतार्थप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री जैन श्वेताम्बर वासुपूज्य महाराज मन्दिर का ट्रस्ट की ओर से सुरजपोल बाहर स्थित दादाबाड़ी में आयोजित किये जा रहे चातुर्मास में आयोजित धर्मसभा में कृतार्थप्रभाश्री ने कहा कि चातुर्मास में हम नित्य जिनवाणी का श्रवण कर रहे है। जीवन में सफलता के लिए दृढ़ संकल्प, मनोबल का होना बहुत आवश्यक है। लक्ष्य बनाना बहुत जरूरी है। संकल्प के बिना व्यति ना तो संसार के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है ना ही आध्यात्मिक क्षेत्र में,इसलिए जीवन में आराधना करनी हो तो, दृढ संकल्प होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संकल्प करने के बाद हमारा मनोबल भी ऊंचा होना चाहिए। अच्छे कार्य में विध्न तो आएंगे ही परंतु मजबूत मनोबल हमें सफलता दिलाएगा।.इस अवसर पर साध्वी विरलप्रभाश्री ने बताया कि 4 अनुयोग है। द्रव्यानुयोग, चरणानु कथानुयोग, गणितानुयोग। कथानुयोग में सागरदत्त चरित्र को आज से नित्य श्रवण करवाया जाएगा।

## पुनसीसर में भूमि पूजन कर मंदिर की नींव रखी

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव पुनसीसर में बनने वाले बाबा श्याम मंदिर की नींव रखकर मंदिर का निर्माण शुरू किया गया। शनिवार को गाँव पुनसीसर में भामाशाह बंशीधर बोहरा द्वारा सुबह सवा सात बजे बाबा श्याम मंदिर की भूमि का विधिवत् भूमि पूजन किया गया । इस दौरान कानपुरी जी महाराज के द्वारा मंदिर की नींव रखी गई। गाँव में बनने वाले मंदिर का निर्माण भामाशाह बोहरा परिवार द्वारा करवाया जा रहा है वहीं मंदिर के लिए भूमि का दान तिवाड़ी परिवार द्वारा



किया गया है। इस अवसर पर भामाशाह सुखदेवा राम तिवाड़ी, चुनी सहारण, शिवनारायण बोहरा, कुम्भाराम खाती, रतिराम मेघवाल, सुभाष सहू, इंद्र पांडिया, रामकुमार, हरिराम बोहरा, ब्रह्मांद गोगासर, विजय पारीक नोहर , मदनलाल पांडिया सरपंच, मांगीलाल पारीक, मनोज व्यास सरपंच बुचावास , शंकर नाई , सोहनलाल जोशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। विदित रहे 34 गुणा 35 साइज के मंदिर परिसर में श्याम बाबा, बालाजी जी महाराज , राधा कृष्ण व भगवान शिव के अलग भव्य मंदिरो का निर्माण करवाया जायेगा।

"मन और इंद्रियों का सांसारिक विषयों से पोषण अंत में पछतावे का कारण बनता हैं।"

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# भारतीय न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई का बड़ा बयान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि हमें इसके भविष्य में निवेश करना होगा, और यह भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपने शोधकर्ताओं, अपने युवा संकाय और वकीलों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और इसमें सुधार की सख्त ज़रूरत है। हैदराबाद के जस्टिस सिटी स्थित नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ़ लॉ के दीक्षांत समारोह में न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर पढ़ाई करें, न कि परिवार की आर्थिक स्थिति पर दबाव डालें। उन्होंने आगे कहा कि आशावादी हूँ कि मेरे साथी नागरिक चुनौतियों का सामना करेंगे। मुकदमों में कभी-कभी दशकों तक देरी होती है। हमने ऐसे कई मामले देखे हैं जहां किसी व्यक्ति को विचाराधीन कैदी के रूप में वर्षों जेल में बिताने के बाद निर्दोष पाया गया है। हम जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं उनके समाधान में हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं मदद कर सकती हैं।

मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा कि हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त



ज़रूरत है, फिर भी मैं इस बात को लेकर पूरी तरह आशावादी हूँ कि मेरे साथी नागरिक इन चुनौतियों का सामना करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमें एक पोषणकारी शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना होगा, पारदर्शी और योग्यता-आधारित अवसर प्रदान करने होंगे, और सबसे महत्वपूर्ण बात, भारत में कानूनी अनुसंधान और प्रशिक्षण की गरिमा और उद्देश्य को पुनर्स्थापित करना होगा। भारत की कानूनी विरासत का केवल जश्न मनाना ही पर्याप्त नहीं है। न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि हमें इसके भविष्य में निवेश करना होगा, और यह भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपने शोधकर्ताओं, अपने युवा संकाय और वकीलों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं। हमें न केवल संस्थानों में, बल्कि कल्पनाशीलता, मेंटरशिप कार्यक्रमों, शोध फेलोशिप, स्थानीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र और नैतिक कार्यस्थलों में निवेश करने की आवश्यकता है, जो हमारे सर्वश्रेष्ठ दिमागों को रुकने या वापस लौटने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारा देश और हमारी न्याय व्यवस्था अनूठी चुनौतियों का सामना कर रही है। मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहाँ किसी व्यक्ति को विचाराधीन कैदी के रूप में वर्षों जेल में बिताने के बाद निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएँ हमें उन समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकती हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं।

## कनाडा तुम्हारा प्ले ग्राउंड नहीं, हिंदुस्तान जाओ, कपिल शर्मा को आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दी धमकी

बढ़ता राजस्थान

**टोरंटो (एजेंसी)।** पन्नून ने कहा कि कपिल और हर दूसरे मोदी-ब्रांड हिंदुत्व निवेशक के लिए कनाडा आपका खेल का मैदान नहीं है।





अपनी खून की कमाई हिंदुस्तान वापस ले जाइए। कनाडा व्यापार की आड़ में हिंसक हिंदुत्व विचारधारा को कनाडा की धरती पर जड़ें जमाने नहीं देगा।कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफ़े पर हाल ही में हमला हुआ। अधिकारियों का मानना है कि यह प्रतिबंधित खालिस्तानी आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ा एक लक्षित हमला था। हमले के कुछ दिनों बाद, खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कॉमेडियन को एक नई धमकी दी। अब टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, खालिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो में कपिल शर्मा को धमकी दी है और कहा है कि वह अपना खून का पैसा वापस हिंदुस्तान ले जाएं। पन्नून ने कहा कि कपिल और हर दूसरे मोदी-ब्रांड हिंदुत्व निवेशक के लिए कनाडा आपका खेल का मैदान नहीं है। अपनी खून की कमाई हिंदुस्तान वापस ले जाइए।

## कुर्सी मिलना बहुत मुश्किल, जब मौका मिले तो..., डीके शिवकुमार के बयान ने मचाई सनसनी





बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** यह टिप्पणी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला से मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद आई है। बैठक के बाद, सिद्धारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन की किसी भी अफवाह को सिरे से खारिज करते हुए ऐसी अटकलों को निराधार बताया। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राजनीतिक व्यंग्य से भरपूर एक बयान देकर एक बार फिर बवाल खड़ा कर दिया है, जिससे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ कथित सत्ता-साझेदारी समझौते की अटकलों को बल मिला है। केम्पेगौड़ा जयंती समारोह में बोलते हुए, शिवकुमार ने मुस्कुराते हुए कहा, हम कुर्सी के लिए लड़ रहे हैं... यहाँ कुर्सियाँ हैं, कृपया आकर बैठ जाएँ। कुर्सी पाना आसान नहीं है। इसलिए एक बार मिल जाए, तो उसे हथिया लेना ही होगा।हालाँकि यह बयान हास्य-व्यंग के साथ दिया गया और दर्शकों ने इसे खूब सराहा, लेकिन इन टिप्पणियों ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के भीतर मुख्यमंत्री पद के लिए अंदरूनी खींचतान की सुगबुगाहट को फिर से हवा दे दी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि 2028 में राज्य में पार्टी को फिर से सत्ता में लाना उनका काम है, न कि सार्वजनिक रूप से मुख्यमंत्री पद जैसे मुद्दों पर चर्चा करना। लेकिन, शिवकुमार ने शनिवार को कुर्सी वाली टिप्पणी करके नई अटकलों को हवा दे दी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद पर एक सवाल के जवाब में डीके शिवकुमार ने कहा, पार्टी सही समय पर फैसला लेगी। मैं इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहता। यह ऐसा मुद्दा नहीं है जिस पर पहले मीडिया में चर्चा हो। हमारा काम 2028 में पार्टी को फिर से सत्ता में लाना है। यह टिप्पणी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला से मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद आई है। बैठक के बाद, सिद्धारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन की किसी भी अफवाह को सिरे से खारिज करते हुए ऐसी अटकलों को निराधार बताया।

## प्रेमी जोड़े को बैल बनाकर हल चलवाया

### ओडिशा में एक ही गोत्र में अफेयर करने पर सजा दी; कोड़े मारकर गांव से निकाला

बढ़ता राजस्थान

**ओडिशा-रायगढ़ा (एजेंसी)।** ओडिशा में रायगड़ा जिले के कंजामयोजी गांव में प्रेमी जोड़े के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। लड़का और लड़की के गले पर बैलों की तरह हल बांधा गया और खेत जुतवाया गया। ग्रामीणों ने उन्हें कोड़े मारे और गांव से भगा दिया गया।इस पूरी घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि युवक और युवती एक ही गोत्र के हैं। दोनों के बीच प्रेम की बात सामने आने पर आदिवासी समाज नाराज हो गया। क्योंकि एक ही गोत्र के युवक-युवती को भाई-बहन माना जाता है। इसी कारण ऐसे विवाह और प्रेम संबंधों पर रोक है।इस घटना के पहले ग्रामीणों ने देवी की पूजा की फिर दोनों के गले में हल की रस्सी बांधी और खेत जुतवाया।



### बैठक बुलाकर सजा तय की गई

जैसे ही दोनों के प्रेम प्रसंग की जानकारी समाज के लोगों को लगी, तो कंजामयोजी के ग्रामीण बिफर गए। समाज की बैठक बुलाई गई, जिसमें प्रेमी जोड़े के लिए कठोर सजा तय कर दी गई। प्रेमी जोड़े को बैल की तरह बांधकर हल चलवाया गया। गांव की देवी की पूजा के बाद इस जोड़े को धमकाकर यह काम किया गया।

### मार-मारकर गांव से भगाया

जुताई के बाद दोनों को लाठी से मार-मारकर गांव से बेदखल कर दिया गया। दोनों कहां गए हैं, इसकी जानकारी किसी को नहीं है।थाना प्रभारी नीलकंठ बेहरा ने कहा कि घटना का पता लगा है। पुलिस टीम के साथ वे कंजामयोजी गांव में ही हैं। मामले की जांच की जा रही है। अलग-अलग जाति के थे प्रेमी जोड़े, एफआईआर कराने पहुंचे तो पता चला बेटी का अफेयर है छत्तीसगढ़ के कांकेर में प्रेमी जोड़े की जंगल में पेड़ से लटकी लाश मिली है। बताया जा रहा है कि लड़की कुछ दिनों से घर से लापता थी। वहीं लड़का भी काम के लिए जा रहा हूं कहकर निकला था, लेकिन दोनों वापस नहीं लौटे। 8वें दिन दोनों की लाश मिली है।

## जिस जगह मां दे रहीं थी बच्चें को जन्म, वहीं पर किया रूस ने हमला

### ...यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर अटैक

बढ़ता राजस्थान

**कीव(एजेंसी)।** यह जानकारी अधिकारियों ने दी। खारकीव के मेयर इगोर तेरेखोव ने टेलीग्राम पर लिखा, ''नवजात शिशुओं वाली माताओं को एक अलग चिकित्सा केंद्र में ले जाया जा रहा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि घायलों में अस्पताल का कोई व्यक्ति भी शामिल है या नहीं।

रूस यूक्रेन युद्ध अभी भी नहीं थमा है दोनों देशों के बीच जंग जारी है। कभी यूक्रेन घाट लगाकर हमला करता है तो कभी रूस तबाही मचाने पर उतारू हो जाता है। इस बार यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में शुक्रवार को रूसी ड्रोन हमले में नौ लोग घायल हो गए और एक प्रसूति अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। खारकीव के मेयर इगोर तेरेखोव ने टेलीग्राम पर लिखा, ''नवजात शिशुओं वाली माताओं को एक अलग चिकित्सा केंद्र में ले जाया जा रहा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि घायलों में अस्पताल का कोई व्यक्ति भी शामिल है या नहीं।



रूस द्वारा हाल ही में यूक्रेनी शहरों पर लंबी दूरी तक मार करने वाले शाहेद ड्रोन से हमलों में तेजी आई है। इन हमलों में अक्सर बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल के साथ-साथ शक्तिशाली ग्लाइड बम भी शामिल होते हैं। इन घटनाओं ने तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बाद यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के प्रयासों को एक बार फिर अत्यंत आवश्यक बना दिया है। खारकीव पर बमबारी के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन में कहीं शांति नहीं है।''यूक्रेनी राजधानी कीव सहित देश के कई अन्य क्षेत्रों को हाल के सप्ताह में लगातार ड्रोन हमलों का सामना करना पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार मिशन ने बृहस्पतिवार को कहा कि जून महीना पिछले तीन वर्षों में नागरिकों के हताहतों होने के लिहाज से सबसे भयावह रहा, जिसमें 232 लोगों की मौत हुई और 1,343 लोग घायल हुए। इसने कहा कि रूस ने इस साल जून में पिछले साल के मुकाबले 10 गुना अधिक ड्रोन और मिसाइल हमले किए।

इसी के साथ, रूस की सेना लगभग 1,000 किलोमीटर लंबे मोर्चे के कई हिस्सों पर भारी दबाव बना रही है, जहां फरवरी 2022 में क्रेमलिन द्वारा पड़ोसी यूक्रेन पर आक्रमण का आदेश दिए जाने के बाद से दोनों पक्षों के हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं।

## पृथ्वी पर लौटने के बाद शुभांशु शुक्ला को सात दिनों तक पुनर्वास में रहना होगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इसरो ने एक्सिओम-4 मिशन पर एक अपडेट में कहा, पृथ्वी से उतरने के बाद, गगनयात्री को फ्लाइट सर्जन की देखरेख में पुनर्वास कार्यक्रम (लगभग 7 दिन) से गुजरना होगा, ताकि वह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल हो सके। भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के तहत लगभग चार दशकों में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का दौरा करने वाले पहले भारतीय हैं, पृथ्वी पर लौटने के लिए तैयार हैं। उनका स्प्लैशडाउन 15 जुलाई, 2025 को दोपहर 3:00 बजे ढ्ढस्ञ्ज पर निर्धारित है, जो उनकी ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा के सफल समापन का प्रतीक होगा। इसरो ने एक्सिओम-4 मिशन पर एक अपडेट में कहा, पृथ्वी से उतरने के बाद, गगनयात्री को फ्लाइट सर्जन की देखरेख में पुनर्वास कार्यक्रम (लगभग 7 दिन) से गुजरना होगा, ताकि वह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल हो सके।

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को कैलिफोर्निया तट पर उतरने के बाद सात दिनों तक पुनर्वास में रहेंगे।



ग्रुप कैप्टन शुक्ला 18 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट रहे हैं। शुक्ला और तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री, कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड व हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे।


नासा ने एक बयान में बताया कि चारों अंतरिक्ष यात्री सोमवार, 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न चार बजकर 35 मिनट पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होने के बाद कई कक्षीय प्रक्रियाओं को पार कर 'क्रू ड्रैगन' अंतरिक्ष यान 15 जुलाई को भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे कैलिफोर्निया तट के पास उतरेगा।

इसरो ने 'एक्सिओम-4' मिशन के बारे में बताया, ''(अंतरिक्ष से) वापस आने के बाद शुक्ला को पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल होने के लिए फ्लाइट सर्जन की देखरेख में एक कार्यक्रम के तहत (लगभग सात दिन) पुनर्वास में रहना होगा।'' इसरो ने शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा के लिए लगभग 550 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।

## डोभाल के बयान पर भड़के मुनीर ने कहा- सैन्य संघर्ष में हार के बाद प्रॉक्सी युद्ध की ओर बढ़ रहा है भारत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हम आपको बता दें कि पिछले वर्ष जुलाई में, पाकिस्तान सरकार ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को 'फ़ितना-ए-ख़वारिज़' घोषित किया था और सभी संस्थानों को निर्देश दिया था कि पाकिस्तान पर आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को %खारिजी% (निर्वासित) कहा जाए। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के एक भाषण से पूरी पाकिस्तानी सेना बौखला उठी है। हम आपको बता दें कि अजित डोभाल ने आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में कहा था कि छह-सात मई की सैन्य कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान में एक भी निशाना नहीं चूका था और भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में सटीकता से हमला कर नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था।



उन्होंने विदेशी मीडिया को चुनौती दी थी कि वह ऐसे किसी भी भारतीय ढांचे की एक भी तस्वीर दिखाए, जिसमें कोई नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो। देखा जाये तो अजित डोभाल ने चुनौती विदेशी मीडिया को दी थी लेकिन मिर्ची पाकिस्तान को लग गयी है क्योंकि वही वह देश है जोकि विदेशी मीडिया के माध्यम से फेक न्यूज और अपना झूठ आगे बढ़ाता है। अजित डोभाल के बयान पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख ऐसा भड़के हैं कि उन्होंने भारत पर ही तमाम आरोप लगा दिये हैं।

हम आपको बता दें कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने कहा है कि हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष में स्पष्ट हार का सामना करने के बाद भारत अब पाकिस्तान के खिलाफ अपने दुष्ट एजेंडे को प्रॉक्सी संगठनों के माध्यम से दोगुनी गति से आगे बढ़ा रहा है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि दो दिन पहले ही पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल पर पाकिस्तान में आतंकवाद की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत आतंकवादी संगठनों को समर्थन दे रहा है। इसी बात को दोहराते हुए, फील्ड मार्शल मुनीर ने गुरुवार को जनरल हेडक्वार्टर (त्र॥क्त) में आयोजित 271वें कोर कमांडर्स सम्मेलन ) की अध्यक्षता करते हुए कहा कि पहलगाम घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ प्रत्यक्ष आक्रामकता में स्पष्ट हार के बाद, भारत अब %फ़ितना-ए-ख़वारिज़ और फ़ितना-ए-हिंदुस्तान%जैसे प्रॉक्सियों के माध्यम से अपना दुष्ट एजेंडा आगे बढ़ा रहा है।

हम आपको बता दें कि पिछले वर्ष जुलाई में पाकिस्तान सरकार ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को 'फ़ितना-ए-ख़वारिज़' घोषित किया था और सभी संस्थानों को निर्देश दिया था कि पाकिस्तान पर आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को खारिजी (निर्वासित) कहा जाए। इस वर्ष मई में पाकिस्तान सरकार ने बलूचिस्तान में सक्रिय सभी आतंकवादी संगठनों को %फ़ितना-ए-हिंदुस्तान% घोषित किया। हम आपको बता दें कि यह एक नया शब्द है जिसका उद्देश्य भारत की भूमिका को संदिग्ध बनाना है। पाकिस्तान की ढ्ढस्क्क्रके एक बयान में कहा गया है कि ष्टष्ट के प्रतिभागियों ने भारत प्रायोजित प्रॉक्सियों द्वारा हाल ही में किए गए आतंकी हमलों में शहीद हुए लोगों के लिए प्रार्थना की।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार